सभी आश्रमों (ब्रह्मचारी, वानप्रस्थ, गृहस्थ और संन्यासी) एवं वर्णों तथा स्त्री और शूद्र को सदैव रुद्राक्ष धारण करना चाहिये, यह शिवजी की आज्ञा है!

रुद्राक्ष को तीनों लोकों में पूजनीय हैं। रुद्राक्ष के स्पर्श से लक्ष गुणा तथा रुद्राक्ष की माला धारण करने से करोड़ गुना फल प्राप्त होता हैं। रुद्राक्ष की माला से मंत्र जप करने से अनंत कोटि फल की प्राप्ति होती हैं।

जिस प्रकार समस्त लोक में शिवजी वंदनीय एवं पूजनीय हैं उसी प्रकार रुद्राक्ष को धारण करने वाला व्यक्ति संसार में वंदन योग्य हैं।

रुद्राक्ष धारण फलम्

रुद्राक्षा यस्य गोत्रेषु ललाटे च त्रिपुण्ड्रकम्।
स चाण्डालोऽपि सम्म्पूज्यः सर्ववर्णोत्तमो भवेत्॥

अर्थातः जिसके शरीर पर रुद्राक्ष हो और ललाट पर त्रिपुण्ड हो, वह चाण्डाल भी हो तो सब वर्णों में उत्तम पूजनीय हैं।

अभक्त हो या भक्त हो, नींच से नीच व्यक्ति भी यदी रुद्राक्ष को धारण करता हैं, तो वह समस्त पातको के मुक्त हो जाता हैं।

जो मनुष्य नियमानुशार सहस्त्ररुद्राक्ष धारण करता हैं उसे देवगण भी वंदन करते हैं।

उच्छिष्टो वा विकर्मो वा मुक्तो वा सर्वपातकैः।
मुच्यते सर्वपापेभ्यो रुद्राक्षस्पर्शनेन वै॥

अर्थातः जो मनुष्य उच्छिष्ट अथवा अपवित्र रहते हैं या बुरे कर्म करने वाल व अनेक प्रकार के पापों से युक्त वह मनुष्य रुद्राक्ष का स्पर्श करते ही समस्त पापों से छूट जाते हैं।

कण्ठे रुद्राक्षमादाय म्रियते यदि वा खरः।
सोऽपिरुद्रत्वमाप्नोति किं पुनर्भुवि मानवः।

अर्थातः कण्ठ में रुद्राक्ष को धारण कर यदि खर(गधा) भी मृत्यु को प्राप्त हो जाए तो वह भी रुद्र तत्व को प्राप्त होता हैं, तो पृथ्वीलोक के जो मनुष्य हैं उनके बारे में तो कहना ही क्या! आर्थात् सर्व सांसारिक मनुष्यों को स्वर्ग-प्राप्ति व लोक परलोक सुधारने के लिए रुद्राक्ष अवश्य धारण करने योग्य हैं।

रुद्राक्षं मस्तके धृत्वा शिरः स्नानं करोति यः।
गंगास्नानंफलं तस्य जायते नात्र संशयः॥

अर्थातः रुद्राक्ष को मस्तक पर धारण करके जो मनुष्य सिर से स्नान करता हैं उसे गंगा स्नान के समान परम पवित्र स्नान का फल प्राप्त होता हैं तथा वह मनुष्य समस्त पापों से मुक्त हो जाता हैं इसमें संशय नहीं हैं।

रुद्राभिषेक से कामनापूर्ति

संकलन गुरुत्व कार्यालय

धर्म शास्त्रों में विविध कामनाओं की पूर्ति हेतु रुद्राभिषेक के साथ निर्धारित सामग्री या द्रव्यों के प्रयोग से कार्य की सिद्धि होती हैं।

- शिवलिंग पर जल से रुद्राभिषेक करने पर वर्षा होती हैं।
- शिवलिंग पर कुशोदक से रुद्राभिषेक करने से असाध्य रोगों को शांत होते हैं।
- शिवलिंग पर दही से रुद्राभिषेक करने से भूमि-भवन-वाहन प्राप्त होते हैं।
- शिवलिंग पर गन्ने के रस से रुद्राभिषेक करने से लक्ष्मी प्राप्ति होती हैं।
- शिवलिंग पर शहद एवं घी के मिश्रण से रुद्राभिषेक करने से लक्ष्मी प्राप्ति व धन वृद्धि होती हैं।
- शिवलिंग पर तीर्थ के जल से रुद्राभिषेक करने से मोक्ष मार्ग प्रशस्त होता हैं।
- शिवलिंग पर दूध से रुद्राभिषेक करने से संतान की प्राप्ति होती हैं। जिस दंपत्ति को संतान प्राप्ति के योग नहीं बन रहे हो, काकवन्ध्या दोष अर्थात एक संतान के पश्चयात दूसरी संतान न होना अथवा मृतवत्सा दोष अर्थात संतानें पैदा होते मर जाती हो उनहें गाय के दूध से रुद्राभिषेक करना चाहिए।
- शिवलिंग पर शीतल जल से रुद्राभिषेक करने से ज्वर की शांति होती हैं।
- शिवलिंग पर दूध से रुद्राभिषेक करने से प्रमेह रोग (मधुमेह) रोग की शांति होती हैं।
- शिवलिंग पर गाय के दूध एवं शक्कर के मिश्रण से रुद्राभिषेक करने से जडबुद्धि व्यक्ति विद्वान बन जाता हैं।
- शिवलिंग पर सरसों के तेल से रुद्राभिषेक करने से शत्रु पर विजय प्राप्त होती हैं।
- शिवलिंग पर शहद से रुद्राभिषेक करने से यक्ष्मा अर्थात तपेदिक रोग की निवृत्ति होती हैं।
- शिवलिंग पर शहद से रुद्राभिषेक करने से बडे से बडे पातकों अर्थात पाप का नाश होता हैं।
- शिवलिंग पर गाय के घी से रुद्राभिषेक करने से आरोग्य लाभ होता हैं।

शास्त्रोक्त एवं विद्वानो के मत से शिवलिंगका विधिवत अभिषेक करने पर अभीष्ट निश्चय ही पूर्ण होता हैं।

यजुर्वेद में उल्लेखित विधि-विधान से रुद्राभिषेक करना अत्याधिक लाभप्रद मानागया हैं। लेकिन जो भक्त इस विधि-विधान को करने में असमर्थ हैं अथवा इस विधान से परिचित नहीं हैं वह भक्त शिवजी के षडाक्षती मंत्र ॐ नम:शिवाय का जप करते हुए रुद्राभिषेक कर सकते हैं।

विशेष कामना पूर्ति हेतु किये गये रुद्राभिषेक के शास्त्रोक्त नियम:

विद्वानो के मत से किसी विशेष कामना की पूर्ति हेतु किये जाने वाले रुद्राभिषेक हेतु शिव वास का विचार करने पर कामना पूर्ति हेतु किये गये अनुष्ठान में निश्चित मनोवांछित सफलता प्राप्त होती हैं।

शिववास विचार :

तिथिं च द्विगुणी कृत्यपंचाभिश्च समन्वितम्।।
सप्तभिस्तुहरीभ्दिगंशेषं शिववास उच्चयते।।
सके कैलाश वासंचद्वितीयं गौरिन्नि हो।।
तृतीये वृषभारूढ़ चतुर्थे च समास्थित पंचमे भोजनेचैव क्रीडायान्तुरसात्मके।।
शून्येश्मशानकेचैव शिववासंच योजयेत्।।

- प्रत्येक मास के कृष्णपक्ष की प्रतिपदा (१), अष्टमी (८), अमावस्या तथा शुक्लपक्ष की द्वितीया (२)व नवमी (९) के दिन भगवान शिव माता पार्वती के साथ होते हैं, इस तिथि में रुद्राभिषेक करने से सुख-समृद्धि अवश्य प्राप्त होती हैं।
- कृष्णपक्ष की चतुर्थी (४), एकादशी (११) तथा शुक्लपक्ष की पंचमी (५) व द्वादशी (१२) तिथियों में भगवान शिव कैलास पर्वत पर निवास करते हैं, इस तिथि में रुद्राभिषेक करने से परिवारी सुख में वृद्धि होती हैं।
- कृष्णपक्ष की पंचमी (५), द्वादशी (१२) तथा शुक्लपक्ष की षष्ठी (६)व त्रयोदशी (१३) तिथियों में भगवान शिव नंदी पर सवार होकर संपूर्ण विश्व में भ्रमण करते हैं, इस तिथि में रुद्राभिषेक करने से अभीष्ट कार्य सिद्ध होता है।
- कृष्णपक्ष की सप्तमी (७), चतुर्दशी (१४) तथा शुक्लपक्ष की प्रतिपदा (१), अष्टमी (८), पूर्णिमा (१५) में भगवान शिव श्मशान में ध्यान रत रहते हैं, इस तिथि में रुद्राभिषेक करने से कार्य में सिद्ध नहीं होता व यजमान पर महाविपत्ति आने की संभावना अधिक हो जाती हैं।
- कृष्णपक्ष की द्वितीया (२), नवमी (९) तथा शुक्लपक्ष की तृतीया (३) व दशमी (१०) में भगवान शिव देवलोक में देवताओं की सभा में उनकी समस्याएं सुनते हैं, इस तिथि में रुद्राभिषेक करने से संताप अर्थात दुःख में वृद्धि होती हैं।
- कृष्णपक्ष की तृतीया (३), दशमी (१०) तथा शुक्लपक्ष की चतुर्थी (४) व एकादशी (११)में भगवान शिव क्रीडारत रहते हैं। इन तिथियों में सकाम रुद्रार्चनसंतान को कष्ट दे सकता है।
- कृष्णपक्ष की षष्ठी (6), त्रयोदशी (13) तथा शुक्लपक्ष की सप्तमी (7) व चतुर्दशी (14) में रुद्रदेवभोजन करते हैं, इस तिथि में रुद्राभिषेक करने से पीडाएं उत्पन्न हो सकती हैं।

नोट: शिववास का विचार निर्धारित कार्य की पूर्ति हेतु अथवा अभिष्ट कामनाओं की पूर्ति हेतु विचार किया जाता हैं। निष्काम भाव से की जाने वाला शिव पूजा-अर्चना अथवा रुद्राभिषेक हेतु शिववास विचार करने की आवश्यका नहीं होती।

(द्वादशज्योतिलिंग क्षेत्र एवं तीर्थ स्थान में तथा शिवरात्रि, प्रदोष, सावन के सोमवार-इत्यादि विशेष शुभ-अवसरो अथवा पर्वो में शिववास विचार करने की आवश्यका नहीं होती।)

रुद्राभिषेकस्तोत्र

ॐ सर्वदेवताभ्यो नम :

ॐ नमो भवाय शर्वाय रुद्राय वरदाय च ।
पशूनाम् पतये नित्यमुग्राय च कपर्दिने ॥१॥
महादेवाय भीमाय त्र्यम्बकाय च शान्तये ।
ईशानाय मखघ्नाय नमोऽस्त्वन्धकघातिने ॥२॥
कुमारगुरवे तुभ्यम् नीलग्रीवाय वेधसे ।
पिनाकिने हिवष्याय सत्याय विभवे सदा ॥३॥
विलोहिताय धूम्राय व्याधायानपराजिते ।
नित्यनीलिशखण्डाय शूलिने दिव्यचक्षुषे ॥४॥
हन्त्रे गोप्त्रे त्रिनेत्राय व्याधाय वसुरेतसे ।
अचिन्त्यायाम्बिकाभर्त्रे सर्वदेवस्तुताय च ॥५॥
वृषध्वजाय मुण्डाय जिटने ब्रह्मचारिणे ।
तप्यमानाय सिलले ब्रह्मण्यायाजिताय च ॥६॥
विश्वात्मने विश्वसृजे विश्वमावृत्य तिष्ठते ।
नमो नमस्ते सेव्याय भूतानां प्रभवे सदा ॥७॥
ब्रह्मवक्त्राय सर्वाय शंकराय शिवाय च ।
नमोऽस्तु वाचस्पतये प्रजानां पतये नम: ॥८॥
नमो विश्वस्य पतये महतां पतये नम: ।
नम :सहस्रिशरसे सहस्रभुजमृत्यवे ।
सहस्रनेत्रपादाय नमोऽसंख्येयकर्मणे॥९॥
नमो हिरण्यवर्णाय हिरण्यकवचाय च ।
भक्तानुकिम्पने नित्यं सिध्यतां नो वर :प्रभो ॥१०॥
एवं स्तुत्वा महादेवं वासुदेव :सहार्जुन: ।
प्रसादयामास भवं तदा हयस्त्रोपलब्धये ॥११॥

॥ इति रुद्राभिषेकस्तोत्रम् संपूर्ण ॥

प्रयोग : तांबेके लोटे में शुध्ध पानी या गंगाजल, गाय का कच्चा दूध, सफेद या काले तिल इन सबको लोटे में मिलाकर शिवलिंग उपर दूध की धारा चालु रखकर उपरोक्त लघुरुद्राभिषेक स्तोत्र का पाठ ग्यारा बार श्रध्धा पूर्वक करने से जीवन में आयी हुई और आनेवाली समस्त प्रकार के कष्टो से छुटकारा मिलता हैं और सुख शांति एवं समृद्धि की प्राप्ति होती है । इसमें लेस मात्र सदेह नहीं हैं।

शिवपूजन का महत्व क्या हैं?

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

हिन्दू धर्म में सप्ताह के हर दिवस का संबंध किसी न किसी देवता व ग्रह से माना गया हैं।

रविवार के दिन सूर्य की उपासना की जाती है जिसका कारक ग्रह सूर्य हैं। सोमवार को भगवान शिव कि उपासना कि जाती हैं, जिसका कारक ग्रह चंद्रमा हैं। मंगलवार को भगवान गणपति और हनुमानजी कि उपासना कि जाती हैं, जिसका कारक ग्रह मंगल हैं। बुधवार को गणेश पूजन व बुध कि पूजा कि जाती हैं, जिसका कारक ग्रह बुध हैं। बृहस्पतिवार को श्री हरि का पूजन करने का विधान हैं जिसके कारक ग्रह देव गुरु बृहस्पति हैं। शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी एवं माता संतोषी कि उपासना कि जाती हैं, जिसका कारक ग्रह शुक्र हैं। शनिवार को मां महाकाली, हनुमान, भैरव व कर्म के देवता शनिदेव की उपासना की जाती हैं जिसके कारक ग्रह शनिदेव हैं।

इस प्रकार भरतीय परंपरा में विभिन्न वार में संबंधित देवि-देवता का पूजन-अर्चन विशेष फलदायि सिद्ध होने की मान्यता पौराणिक काल से चली आरही हैं।

धर्म ग्रंथो में भगवान शिव की उपासना पूरे सप्ताह के दिन करने से विभिन्न फलो कि प्राप्ति होने का सविस्तार उल्लेख किया गया हैं।

परंतु यदि किसी शिव भक्त व श्रद्धालु के मन में एसे प्रश्न अवश्य उठते हैं, कि शिवजी की आराधना व हेतु सोमवार का विशेष आग्रह क्यो किया जाता हैं!

आपके मार्गदर्शन हेतु शास्त्रोक्त विधान के कुछ अंश यहा प्रस्तुत हैं।

सप्ताह के दिनों की उत्पत्ति भगवान शिव से ही प्रकट होने का उल्लेख हमारे ग्रंथो में किया गया हैं।

शिव-महापुराण में उल्लेख हैं:

आदिसृष्टौ महादेवः सर्वज्ञः करुणाकरः॥
सर्वलोकोपकारार्थं वारान्कल्पितवान्प्रभुः॥

(श्रीशिवमहापुराणम्)

प्राणियों की आयु निर्धारण करने के लिए भगवान शिव ने काल की कल्पना कि थी। काल से ही देव-मानव से लेकर समस्त छोटे-बडे जीवों की आयुष्य का अनुमान लगाया जाता है। काल को ही व्यवस्थित करने के लिए भगवान शिव ने सप्तवारों की कल्पना कि थी।

संसारवैद्यः सर्वज्ञः सर्वभेषजभेषजम् ।
आय्वारोग्यदं वारं स्ववारं कृतवान्प्रभुः ॥
संपत्कारं स्वमायाया वरं च कृतवांस्ततः ॥
जनने दुर्गतिक्रांते कुमारस्य ततः परम् ॥
आलस्यदुरितक्रांत्यै वारं कल्पितवान्प्रभुः ॥
रक्षकस्य तथा विष्णोर्लोकानां हितकाम्यया ॥
पुष्ट्यर्थं चैव रक्षार्थं वारं कल्पितवान्प्रभुः ॥
आयुष्करं ततो वारमायुषां कर्तुरेव हि ॥
त्रैलोक्यसृष्टिकर्तुर्हि ब्रह्मणः परमेष्ठिनः ॥
जगदायुष्यसिद्ध्यर्थं वारं कल्पितवान्प्रभुः ॥
आदौ त्रैलोक्यवृद्ध्यर्थं पुण्यपापे प्रकल्पिते ॥
तयोः कर्त्रोस्ततो वारमिंद्रस्य च यमस्य च ॥

(श्रीशिवमहापुराणम्)

सर्वप्रथम भगवान शिव सूर्य के रूप में प्रकट होकर आरोग्य के लिए प्रथमवार की कल्पना की। अपनी सर्वसौभाग्यदात्री शक्ति के लिए द्वितीयवार की कल्पना की। उसके बाद अपने ज्येष्ठ पुत्र कुमार के लिए अत्यन्त सुन्दर तृतीयवार की कल्पना की। उसके बाद सर्वलोकों की रक्षा का भार वहन करने वाले परम मित्र मुरारी के लिए चतुर्थवार की कल्पना की। देवगुरु बृहस्पति के नाम से पच्चमवार की कल्पना कर उसका स्वामी यम को बनाया। असुरगुरु शुक्र के नाम से छठे

वार की कल्पना करके उसका स्वामी ब्रह्मा को बना दिया एवं सप्तमवार की कल्पना कर उसका स्वामी इंद्र को बना दिया। नक्षत्र चक्र में भी सात मूल ग्रह ही दृष्टिगोचर होते हैं, इसलिए भगवान् ने सूर्य से लेकर शनि तक के लिए सातवारों की कल्पना की गई। क्योकि राहु और केतु छाया ग्रह होने के कारण दृष्टिगत न होने से उनके वार की कल्पना नहीं की गई।

शिवमहापुराण ग्रंथ के अनुशार भगवान शिव की उपासना सप्ताह के हर वार को अलग फल प्रदान करती है।

आरोग्यंसंपद चैव व्याधीनांशांतिरेव च।
पुष्टिरायुस्तथाभोगोमृतेर्हानिर्यथाक्रमम्॥

(शिवमहापुराण)

अर्थात: स्वास्थ्य, संपत्ति, रोग-नाश, पुष्टि, आयु, भोग तथा मृत्यु हानि से रक्षा के लिए रविवार से लेकर शनिवार तक भगवान शिव की आराधना करनी चाहिए।

विद्वानो के अनुशार सभी वारों में शिव फलप्रद हैं फिर भी लोग सोमवार का आग्रह इस लिये करते हैं, क्योकि की मनुष्य मात्र को भौतिक सुख-सम्पत्ति से अत्यधिक प्रेम होता है, इसलिए उसने शिव के लिए सोमवार का चयन किया।

विद्वानो के मतानुशार यदि कोई श्रधालु सप्ताह के सात दिन शिव पूजन नही कर सके तो उन्हे सोमवार को शिव पूजन अवश्य करनी चाहिये। आखिर ऐसा क्यों? शिव के लिए सोमवार का आग्रह ही क्यों? आपके ज्ञान की वृद्धि के लिये शास्त्रोक्त विधान प्रस्तुत हैं।

पुराणों के अनुसार सोम का अर्थ चंद्रमा होता है और चंद्रमा भगवान् शङ्कर के शीश पर मुकुटायमान होकर अत्यन्त सुशोभित होता है। लगता है कि भगवान् शङ्कर ने जैसे कुटिल, कलंकी, कामी, वक्री एवं क्षीण चंद्रमा को उसके अपराधी होते हुए भी क्षमा कर अपने शीश पर स्थान दिया वैसे ही भगवान् हमें भी सिर पर नहीं तो चरणों में जगह अवश्य देंगे। यह याद दिलाने के लिए सोमवार को ही लोगों ने शिव का वार बना दिया।

विद्वानो के मत से सोम (SOM) में ॐ (OM) समाहित है। धार्मिक ग्रंथो के अनुशार भगवान शिव ॐ कार स्वरूप हैं।

सोम का अर्थ चंद्रमा होता है और चंद्रमा मन का प्रतीक है। जड़ मन में चेतनता जाग्रत करने वाले परमेश्वर ही है। इसलिए देवाधिदेव महादेव की उपासना सोमवार को की जाती है। भगवान शिव का सतो गुण, रजो गुण, तमो गुण तीनों पर एक समान अधिकार हैं। शिवने अपने मस्तक पर चंद्रमा को धारण कर शशि शेखर कहलाये हैं। चंद्रमा से शिव को विशेष स्नेह होने के कारण चंद्र सोमवार का अधिपति हैं इस लिये शिव का प्रिय वार सोमवार हैं।

शिव कृपा हेतु उत्तम श्रावण मास

संकलन गुरुत्व कार्यालय

भारत वर्ष में अनादिकाल से विभिन्न पर्व मनाये जाते हैं, एवं भगवान शिव से संबंधी अनेक व्रत-त्यौहात मनाए जाते रहे हैं। इन उतसवो में श्रावण मास का अपना विशेष महत्व हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुशार श्रावण मास में चार सोमवार (कभी-कभी पांच सोमवार होते हैं) , एक प्रदोष व्रत तथा एक शिवरात्रि शामिल होत हैं इन सबका संयोग एकसाथ श्रावण महीने में होता हैं, इसलिए श्रावण का महीना शिव कृपा हेतु शीघ्र शुभ फल देने वाला मानागया हैं।

शिवपुराण के अनुशार श्रावण माह में द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने से समस्त तीर्थों के दर्शन का पूण्य एक साथ हि प्राप्त हो जाता हैं।

पद्म पुराण के अनुशार श्रावण माह में द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने से मनुष्य कि समस्त शुभ कामनाएं पूर्ण होती हैं एवं उसे संसार के समस्त सुखों कि प्ताप्ति होकर उसे शिव कृपा से मोक्ष कि प्राप्ति हो जाती हैं।

- प्रथम सोमवार को- कच्चे चावल एक मुट्ठी शिव लिंग पर चढाया जाता हैं।
- दूसरे सोमवार को- सफेद तिल्ली एक मुट्ठी शिव लिंग पर चढाया जाता हैं।
- तीसरे सोमवार को- ख़ड़े मूँग एक मुट्ठी शिव लिंग पर चढाया जाता हैं।
- चौथे सोमवार को- जौ एक मुट्ठी शिव लिंग पर चढाया जाता हैं।
- यदि पाँचवाँ सोमवार आए तो एक मुट्ठी कच्चा सत्तू चढाया जाता हैं।

शिव की पूजा में बिल्वपत्र अधिक महत्व रखता है। शिव द्वारा विषपान करने के कारण शिव के मस्तक पर जल की धारा से जलाभिषेक शिव भक्तों द्वारा किया जाता है। शिव भोलेनाथ ने गंगा को शिरोधार्य किया है।

श्रावण मास में शिवपुराण, शिवलीलामृत, शिव कवच, शिव चालीसा, शिव पंचाक्षर मंत्र, शिव पंचाक्षर स्तोत्र, महामृत्युंजय मंत्र का पाठ एवं जाप करना विशेष लाभ प्रद होता हैं।

श्रावण मास के सोमवार व्रत से भौतिक कष्टो से मुक्ति मिलती हैं

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

श्रावण मास इस साल 17 जुलाई से 15 अगस्त के बीच रहेगा। इस दौरान 22 जुलाई , 29 जुलाई, 5 अगस्त, 12 अगस्त को चार सोमवार श्रावण मास में पड़ रहे हैं। कई प्रदेशो में 15 अगस्त से 30 अगस्त के बीच रहेगा, इस कारण इन प्रदेशों में 5 अगस्त, 12 अगस्त, 19 अगस्त, 26 अगस्त को चार सोमवार श्रावण मास में पड़ रहे हैं। श्रावण मास के समस्त सोमवारों के दिन व्रत करने से पूरे साल भर के सोमवार के व्रत समान पुण्य फल मिलता हैं। सोमवार के व्रत के दिन प्रातःकाल ही स्नान इत्यादि से निवृत्त होकर, शिव मंदिर, देवालय घरमें जाकर शिव लिंग पर जल, दूध, दही, शहद, घी, चीनी, श्वेत चंदन, रोली(कुमकुम), बिल्व पत्र(बेल पत्र), भांग, धतूरा आदि सें अभिषेक किया जाता हैं।

- पति कि लंबी आयु कि कामना हेतु सुहागन स्त्रिय को सोमवार के दिन व्रत रखने से शिव कृपा से अखंड सौभाग्य कि प्राप्ति होती हैं।
- बच्चो को सोमवार का व्रत कर शिव मंदिर में जलाभिषेक करने से विद्या और बुद्धि की प्राप्ति होती हैं।
- रोजगार प्राप्ति हेतु दूध एवं जल चढाने से रोजगार प्राप्ति कि संभावना बढ जाती हैं।
- व्यापारी एवं नौकरी करने वाले व्यक्ति यदि श्रावण मास के सोमवार का व्रत करने से धन-धान्य और लक्ष्मी की वृद्धि होती हैं।

व्रत के दिन गंगाजल से स्नान कर अथवा जल में थोडा गंगा जल मिला कर स्नान करने के पश्चयात शिव लिंग पर जल चढ़ाया जाता हैं। आज भी उत्तर एवं पूर्व भारत में कांवड़ परम्परा का विशेष महत्व हैं। श्रद्धालु गंगाजल अथवा पवित्र नदि सें कावड़ में जल भरकर तीर्थ स्थल तक कांवड़ लेकर जाते हैं। इसका उद्देश्य शिवजीकी कृपा प्राप्त करना हैं।

आज के भौतिकतावादि युग में व्यक्ति अधिक से अधिक भौतिक सुख साधनो को जुटाते हुए कभी-कभी व्यक्ति नैतिकता का दामन छोड कर अनैतिकता का दामन थाम लेता हैं जिस के फल स्वरुप अपने प्रतिकूल कर्मो के कारण व्यक्ति को भविष्य में अनेक समस्याओं से ग्रसित होते देखा गया हैं।

व्यक्ति द्वारा किये गये प्रतिकूल कर्मो के बंधन से मुक्त कराने कि समर्थता भगवान भोले भंडारी शिव कि कृपा प्राप्ति से व्यक्ति के द्वारा संचित पाप नष्ट हो जाते हैं।

क्यों शिव को प्रिय हैं बेल पत्र?

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

क्या हैं बेल पत्र अथवा बिल्व-पत्र?

बिल्व-पत्र एक पेड़ की पत्तियां हैं, जिस के हर पत्ते लगभग तीन-तीन के समूह में मिलते हैं। कुछ पत्तियां चार या पांच के समूह की भी होती हैं। किन्तु चार या पांच के समूह वाली पत्तियां बड़ी दुर्लभ होती हैं। बेल के पेड को बिल्व भी कहते हैं। बिल्व के पेड़ का विशेष धार्मिक महत्व हैं। शास्त्रोक्त मान्यता हैं कि बेल के पेड़ को पानी या गंगाजल से सींचने से समस्त तीर्थो का फल प्राप्त होता हैं एवं भक्त को शिवलोक की प्राप्ति होती हैं। बेल कि पत्तियों में औषधि गुण भी होते हैं। जिसके उचित औषधीय प्रयोग से कई रोग दूर हो जाते हैं। भारतिय संस्कृति में बेल के वृक्ष का धार्मिक महत्व हैं, क्योकि बिल्व का वृक्ष भगवान शिव का ही रूप है। धार्मिक ऐसी मान्यता हैं कि बिल्व-वृक्ष के मूल अर्थात उसकी जड़ में शिव लिंग स्वरूपी भगवान शिव का वास होता हैं। इसी कारण से बिल्व के मूल में भगवान शिव का पूजन किया जाता हैं। पूजन में इसकी मूल यानी जड़ को सींचा जाता हैं।

धर्मग्रंथों में भी इसका उल्लेख मिलता हैं-

बिल्वमूले महादेवं लिंगरूपिणमव्ययम्। य: पूजयति पुण्यात्मा स शिवं प्राप्नुयाद्॥
बिल्वमूले जलैर्यस्तु मूर्धानमभिषिञ्चति। स सर्वतीर्थस्नात :स्यात्स एव भुवि पावन:॥ (शिवपुराण((

भावार्थ :बिल्व के मूल में लिंगरूपी अविनाशी महादेव का पूजन जो पुण्यात्मा व्यक्ति करता है, उसका कल्याण होता है। जो व्यक्ति शिवजी के ऊपर बिल्वमूल में जल चढ़ाता है उसे सब तीर्थो में स्नान का फल मिल जाता है।

बिल्व पत्र तोड़ने का मंत्र

बिल्व-पत्र को सोच-समझ कर ही तोड़ना चाहिए। बेल के पत्ते तोड़ने से पहले निम्न मंत्र का उच्चरण करना चाहिए-

अमृतोद्भव श्रीवृक्ष महादेवप्रिय:सदा।
गृह्यामि तव पत्राणि शिवपूजार्थमादरात्॥ -(आचारेन्दु)

भावार्थ :अमृत से उत्पन्न सौंदर्य व ऐश्वर्यपूर्ण वृक्ष महादेव को हमेशा प्रिय है। भगवान शिव की पूजा के लिए हे वृक्ष में तुम्हारे पत्र तोड़ता हूं।

कब न तोड़ें बिल्व कि पत्तियां?

- विशेष दिन या विशेष पर्वो के अवसर पर बिल्व के पेड़ से पत्तियां तोड़ना निषेध हैं।
- शास्त्रों के अनुसार बेल कि पत्तियां इन दिनों में नहीं तोड़ना चाहिए-
- बेल कि पत्तियां सोमवार के दिन नहीं तोड़ना चाहिए।
- बेल कि पत्तियां चतुर्थी, अष्टमी, नवमी, चतुर्दशी और अमावस्या की तिथियों को नहीं तोड़ना चाहिए।
- बेल कि पत्तियां संक्रांति के दिन नहीं तोड़ना चाहिए।

अमारिक्तासु संक्रान्त्यामष्टम्यामिन्दुवासरे ।
बिल्वपत्रं न च छिन्द्याच्छिन्द्याच्चेन्नरकं व्रजेत ॥) लिंगपुराण

भावार्थ: अमावस्या, संक्रान्ति के समय, चतुर्थी, अष्टमी, नवमी और चतुर्दशी तिथियों तथा सोमवार के दिन बिल्व-पत्र तोड़ना वर्जित है।

चढ़ाया गया पत्र भी पूनः चढ़ा सकते हैं?

शास्त्रों में विशेष दिनों पर बिल्व-पत्र तोडकर चढ़ाने से मना किया गया हैं तो यह भी कहा गया है कि इन दिनों में चढ़ाया गया बिल्व-पत्र धोकर पुन :चढ़ा सकते हैं।

अर्पितान्यपि बिल्वानि प्रक्षाल्यापि पुन :पुन:।
शंकरायार्पणीयानि न नवानि यदि चित्॥) स्कन्दपुराण(और (आचारेन्दु)

भावार्थ: अगर भगवान शिव को अर्पित करने के लिए नूतन बिल्व-पत्र न हो तो चढ़ाए गए पत्तों को बार-बार धोकर चढ़ा सकते हैं।

बेल पत्र चढाने का मंत्र

भगवान शंकर को विल्वपत्र अर्पित करने से मनुष्य कि सर्वकार्य व मनोकामना सिद्ध होती हैं। श्रावण में विल्व पत्र अर्पित करने का विशेष महत्व शास्त्रो में बताया गया हैं।

विल्व पत्र अर्पित करते समय इस मंत्र का उच्चारण करना चाहिए:

त्रिदलं त्रिगुणाकारं त्रिनेत्रं च त्रिधायुतम्।
त्रिजन्मपापसंहार, विल्वपत्र शिवार्पणम्

भावार्थ: तीन गुण, तीन नेत्र, त्रिशूल धारण करने वाले और तीन जन्मों के पाप को संहार करने वाले हे शिवजी आपको त्रिदल बिल्व पत्र अर्पित करता हूं।

* शिव को बिल्व-पत्र चढ़ाने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

श्रावण सोमवार व्रत कैसे करें?

संकलन गुरुत्व कार्यालय

श्रावण सोमवार के व्रत में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करने का विधान हैं।
विद्वानो के अनुसार श्रावण सोमवार का व्रत-पूजन-विधि इस प्रकार हैं।
श्रावण सोमवार के दिव व्रत करने वाले व्यक्ति को सूर्योदय के समय से व्रत प्रारंभ कर लेना चाहिये एवं दिन में एक बार सात्विक भोजन करना चाहिए। व्रत के दिन शिव पार्वति कि पूजा अर्चना के उपरांत व्रत कि समाप्ति से पूर्व सोमवार व्रत की कथा सुनने का विधान हैं।

श्रावण सोमवार को ब्रहम मुहूर्त में उठ कर।
पूरे घर की साफ-सफाई कर स्नान इत्यादि से निवृत्त हो कर।
पूरे घर में गंगा जल छिड़कें।
घर में पूजा स्थान पर भगवान शिव की मूर्ति या चित्र स्थापित करें।
पूजन कि सारी तैयारी होने के बाद निम्न मंत्र से संकल्प लें-

'मम क्षेमस्थैर्यविजयारोग्यैश्वर्याभिवृद्धयर्थं सोमव्रतं करिष्ये'

इसके पश्चात निम्न मंत्र से ध्यान करें-

'ध्यायेन्नित्यंमहेशं रजतगिरिनिभं चारुचंद्रावतंसं रत्नाकल्पोज्ज्वलांग परशुमृगवराभीतिहस्तं प्रसन्नम्।
पद्मासीनं समंतात्स्तुतममरगणैर्व्याघ्रकृत्तिं वसानं विश्वाद्यं विश्ववंद्यं निखिलभयहरं पंचवक्त्रं त्रिनेत्रम्॥

ध्यान के पश्चात 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र से शिवजी का तथा 'ॐ नमः शिवायै' मंत्र से पार्वतीजी का षोडशो उपचार से पूजन करना चाहिये।
पूजन के पश्चात श्रावण सोमवार व्रत कथा सुनें।
तत्पश्चात आरती कर प्रसाद बाटदे।
इसकें पश्चयात हि भोजन या फलाहार ग्रहण करना चाहिये ।

श्रावण सोमवार व्रत का फल

सोमवार व्रत उपरोक्त विधि से करने पर भगवान शिव तथा माता पार्वती कि कृपा बनी रहती हैं।
व्यक्ति का जीवन सुख समृद्धि एवं एश्वर्य युक्त होकर व्यक्ति के समस्त संकटो नाश हो जाते हैं।

रुद्राक्ष धारण से कामनापूर्ति

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

रुद्राक्ष को भगवान शंकर का प्रिय आभूषण माना जाता हैं। यहीं कारण हैं की शिव भक्त अपने गले व भुजा में रुद्राक्ष धारण करते हैं। क्योकी विद्वानो के मत से शास्त्रोक्त मान्यता है की दीर्घायु प्रदान करने वाला तथा मनुष्य को अकाल मृत्यु से रक्षा करने वाला हैं।

गृहस्थ व्यक्तियों के लिए रुद्राक्ष अर्थ और काम को प्रदान करता हैं तो साधुसंत व संन्यासियों के लिए रुद्राक्ष धर्म और मोक्ष को प्रदान करने वाला माना जाता हैं। रुद्राक्ष को मनुष्य की अनेक शारीरिक और मानसिक व्याधियों को दूर कर मानसिक शांति प्रदान करने वाला माना जाता हैं। योगाभ्यास से जुडे साधनो के लिये रुद्राक्ष कुंडलिनी जागृत करने में सहायक सिद्ध होता हैं।

रुद्राक्ष के धारण करता को तंत्रिक व भूत-प्रेत इत्यादि का असर नहीं होता हैं। शास्त्रोक्त मत से रुद्राक्ष के दर्शन मात्र से ही पापों का क्षय हो जाता हैं। जिसके घर में रुद्राक्ष की पूजा की जाती है वहाँ लक्ष्मीजी सदा वास करती हैं। साधारण रुप से रुद्राक्ष का प्रभाव 1-2 दिन में प्रभाव दिखने लगता है। परंतु विशेष परिस्थित व कार्य उद्देश्य की पूर्ति हेतु धारण किया गया रुद्राक्ष 45 दिन में अपना प्रभाव दिखता हैं।

रुद्राक्ष धारण के शास्त्रोक्त नियम और मत

- सभी वर्ण के लोग रुद्राक्ष धारण कर सकते हैं।
- धारण करते समय ॐ नमः शिवाय का जाप करना लाभप्रद रहेगा।
- रुद्राक्ष को अपवित्रता के साथ धारण न करें।
- रुद्राक्ष को पूर्ण भक्ति और शुद्धता से ही धारण करें।
- क्योकि रुद्राक्ष अटूट श्रद्धा और विश्वास से धारण करने पर ही फल प्राप्त होता हैं।
- रुद्राक्ष को लाल, पीला या सफेद धागे में धारण करना लाभप्रद रहेगा।
- चाँदी, सोना या तांबे में भी धारण किया जा सकता हैं।
- रुद्राक्ष हमेशा विषम संख्या में धारण करना लाभप्रद होता हैं।

रोजगार के अनुशार रुद्राक्ष चुनाव

शिव भक्तो के जीवन में सर्व श्रेष्ठ सफलता के लिए रुद्राक्ष धारण करना सर्वोत्तम माना गया हैं।

- राजनेता को पूर्ण सफलता हेतु तेरह मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- सरकारी व कानूनी कार्य से जुड़े जुडे लोगो को एक व तेरह मुखी रुद्राक्ष के साथ में चांदी के मोती जडवा कर धारण करना चाहिए।
- वकालत के कार्यो से जुडे लोगो को चार व तेरह मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- बैंक, विमा इत्यादि से जुडे लोगो को ग्यारह व तेरह मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- पुलिस विभाग से जुडे लोगो को नौ व तेरह मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- चिकित्सक या चिकित्सा विभाद से जुडे लोगो को तीन व चार मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।

- शैल्य चिकित्सा से जुडे लोगो को दस, बारह व चौदह मुखी रुद्रा धारण करना चाहिए। मैकेनिकल कार्यो से जुडे लोगो को दस व ग्यारह मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- सिविल इंजीनियर कार्यो से जुडे लोगो को आठ व चौदह मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- इलेक्ट्रिकल इंजीनियर से जुडे लोगो को सात व ग्यारह मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- कंप्यूटर सॉफ्टवेयर इंजीनियर से जुडे लोगो को चौदह मुखी व गौरी शंकर रुद्राक्ष कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर से जुडे लोगो को नौ व बारह मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- शिक्षण कार्यो से जुडे लोगो को छह व चौदह मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- ठेकेदारी के कार्यो से जुडे लोगो को ग्यारह, तेरह व चौदह मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- भूमि-भवन इत्यादी कार्यो से जुडे लोगो को एक, दस व चौदह मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- दुकानदार को दस, तेरह व चौदह मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- उद्योगपति को बारह व चौदह मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- होटेल, रेस्टोरेंट के कार्यो से जुडे लोग एक, तेरह व चौदह मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।

1 से 14 मुखी रुद्राक्ष धारण करने से लाभ

संकलन गुरुत्व कार्यालय

एक मुखी:

एक मुखी रुद्राक्ष साक्षात ब्रह्म स्वरुप हैं।

- एक मुखी रुद्राक्ष काजू के समान अर्थात अर्धचंद्राकार स्वरुप में प्राप्त होते हैं। एक मुखी रुद्राक्ष गोल आकार में सरलता से प्राप्त नहीं होता हैं। क्योकि गोलाकार में मिलना दुर्लभ मानागया हैं। बडे सौभाग्य किसी मनुष्य को गोल एक मुखी रुद्राक्ष के दर्शन एवं प्राप्त से होता हैं।
- इस लिए एकमुखी रुद्राक्ष भोग व मोक्ष प्रदान करने वाला हैं।
- जो मनुष्य ने एकमुखी रुद्राक्ष धारण किया हो उस पर मां लक्ष्मी हमेशा कृपा वर्षाती हैं। या जिस घर में एकमुखी रुद्राक्ष का पूजन होता हों वहां लक्ष्मी का स्थाई वास होता हैं।
- एकमुखी रुद्राक्ष धारण करने वाले मनुष्य के घर में धन-धान्य, सुख-समृद्धि-वैभव, मान-सम्मान प्रतिष्ठा में वृद्धि करने वाला हैं।
- एकमुखी रुद्राक्ष धारण करने वाले मनुष्य की सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।
- जिस स्थान पर एकमुखी रुद्राक्ष होता हैं वहां से समस्त प्रकार के उपद्रवो का नाश होता हैं।
- एकमुखी रुद्राक्ष धारण करने से अंतःकरण में दिव्य-ज्ञान का संचार होता हैं।
- भगवान शिव का वचन हैं की एकमुखी रुद्राक्ष धारण करने से ब्रह्महत्या व पापों का नाश करने वाला हैं।
- एकमुखी रुद्राक्ष सर्व प्रकार कि अभीष्ट सिद्धियों को प्रदान करने वाला हैं।
- एकमुखी रुद्राक्ष धारण करने से धारण कर्ता में सात्त्विक उर्जा में वृद्धि करने में सहायक, मोक्ष प्रदान करने समर्थ हैं।
- एकमुखी रुद्राक्ष धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्रदान करने वाला होता हैं।

एक मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ एं हं औं ऐ ॐ॥

दोमुखी रुद्राक्ष:

- दो मुखी रुद्राक्ष बादाम के समान आकार में व गोलाकार स्वरुप दोनो स्वरुपों में प्राप्त होता हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष साक्षात अर्द्धनारीश्वर का स्वरुप हैं। कुछ ग्रंथो में दो मुख वाले रुद्राक्ष को देव देवेश्वर कहा गया हैं।
- शिव-शक्ति की निरंतर कृपा प्राप्ति हेतु दोमुखी रुद्राक्ष विशेष लाभकारी होता हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष धारण करने से मानसिक शांति प्राप्त होकर तामसिक प्रवृत्तियों का नाश होता हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष धारण कर्ता को आध्यात्मिक उन्नति के लिए सहायता प्रदान करता हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष धारण करने से उदर संबंधित समस्याओं से मुक्ति मिलती हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष आकस्मिक दुर्घटनाओं से रक्षा करने में सहायक सिद्ध होता हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष धारण करने से गौ हत्या के पापों का नाश करता हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष से अनेक प्रकार की व्याधियां स्वतः ही शांत हो जाती हैं।
- दो मुखी रुद्राक्ष मनुष्य की मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला एवं शुभ फल प्रदान करने वाला हैं।
- यदि दो मुखी रुद्राक्ष को गर्भवती स्त्री अपनी कमर पर या भुजा पर धारण करती हैं तो गर्भावस्था के नौ महिने तक उसकी अनजाने भय, तोने-तोटके, बेहोशी, हिस्टीरिया, बूरे स्वप्न आदि से रक्षा होती हैं। साथा ही एक रुद्राक्ष को गर्भवती स्त्री के बिस्तर पर तकिए के नीचे एक डिब्बि में रखने से अधिक लाभ प्राप्त होता हैं।

दो मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ क्षीं ह्रीं क्षौं व्रीं ॐ॥

तीन मुखी रुद्राक्ष:

- तीन मुखी रुद्राक्ष थोडा लंबे आकार में व गोलाकार स्वरुप दोनो स्वरुपों में प्राप्त होता हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष साक्षात अग्नि का स्वरुप हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से गंभिर बीमारियों से रक्षा होती हैं।
- यदि कोई लम्बे समय से रोगग्रस्त हैं तो उसके तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से रोग से शीघ्र मुक्ति मिलती हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करना पीलिया के रोगी के लिए अत्याधिक लाभकारी होता हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से स्फूर्ति, कार्यक्षमता में वृद्धि होती हैं।
- जानकारों के मतानुशार तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से स्त्री हत्या इत्यादि पापों का नाश होता हैं। कुछ विद्वानो का मत हैं की तीन मुखी रुद्राक्ष ब्रह्म हत्या के पाप को नाश करने में भी समर्थ हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से शीत ज्वर दूर होता हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से अद्भुत विद्या की प्राप्ति होती हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करना मंदबुद्धि बच्चों के बौधिक विकास के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होता हैं।
- निम्न रक्तचाप को दूर करने में भी तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करना लाभदायक होता हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से अग्निदेव की कृपा प्राप्त होती हैं।
- तीन मुखी रुद्राक्ष से अग्नि भय से रक्षण होता हैं।

तीनमुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ रं हूं ह्रीं हूं ओं॥

चार मुखी रुद्राक्ष:

- चार मुखी रुद्राक्ष साक्षात ब्रह्मा का स्वरुप हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से बौधिक शक्ति का विकास होता हैं।
- विद्याध्ययन करने वाले बच्चो के बौधिक विकास एवं स्मरण शक्ति के विकास के लिए चार मुखी रुद्राक्ष उत्तम फलदायि सिद्ध होता हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष धारण करने से वाणी में मिठास आती हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष धारण करने से मानसिक विकार दूर होते हैं।
- विद्वानो का कथन है की चार मुखी रुद्राक्ष के दर्शन एवं स्पर्श से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों पुरुषार्थो की शीघ्र प्राप्ति होती हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष धारण करने से जीव हत्या के पापों का नाश होता हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष धारण करने से दिव्य ज्ञान की प्राप्ति होती हैं।
- चार मुखी रुद्राक्ष को अभीष्ट सिद्धियों को प्राप्त करने में सहायक व कल्याणकारी हैं।

चार मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ व्रां क्रां तां हां ईं॥

पंच मुखी रुद्राक्ष:

- पंच मुखी रुद्राक्ष साक्षात कालाग्नि का स्वरुप हैं।
- पंच मुखी रुद्राक्ष धारण करने से सभी प्रकार के अनिष्ट एवं कश्टो से मुक्ति मिलती हैं।
- पंच मुखी रुद्राक्ष मनोवांचित फल प्राप्त करने हेतु उत्तम हैं।
- पंचमुखी रुद्राक्ष धारण करने से सुख-शांति प्राप्त होती हैं।
- पंच मुखी रुद्राक्ष शत्रु भय से रक्षा करने के लिए भी लाभदायक मानाजाता हैं।
- पंच मुखी रुद्राक्ष धारण करने से जहरीले जीव-जंतुओं से रक्षा होती हैं।
- विष के प्रभाव को कम करने में पंचमुखी रुद्राक्ष अति लाभदायक हैं।
- महापुरुषो का कथन हैं की पंचमुखी रुद्राक्ष धारण करने से परस्त्री गमन, अभक्ष्य भोजन का भक्षण

करने के पापों से मुक्ति मिलती हैं। चित्त का शुद्धि करण हो जाता हैं।

- पंचमुखी रुद्राक्ष को पंचतत्वों का प्रतीक मानाजाता हैं।
- पंच मुखी रुद्राक्ष को शास्त्रकारों ने आयुवर्द्धक एवं सर्वकल्याणकारी व मंगलप्रदायक माना हैं।
- पंच मुखी रुद्राक्ष अभीष्ट कार्यो की सिद्धि हेतु लाभदाय होता हैं।

जन सामान्य में एसी भ्रमक धारणाएं हैं की पंच मुखी रुद्राक्ष सस्ता एवं आसानी से मिलने के कारण यह अधिक लाभकारी नहीं होता। लेकिन वास्तविकता इससे परे हैं जानकारों का मत हैं की पंचमुखी सर्वाधिक लाभकारक होता हैं। मनुष्य को अपने उद्देश्य की पूर्ति हेतु आवश्यक्ता के अनुशार रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।

पंच मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ ह्रां आं क्ष्म्यैं स्वाहा॥

छः मुखी रुद्राक्ष:

- छः मुखी रुद्राक्ष साक्षात कार्तिकेय का स्वरुप हैं। कुछ विद्वानो के मत से छः मुखी रुद्राक्ष गणेशजी का प्रतिक हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से माता पार्वती शीघ्र प्रसन्न होती हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से विद्या प्राप्ति में सफलता प्राप्त होती हैं। अतः छः मुखी रुद्राक्ष विद्यार्थियों के लिए उत्तम रहता हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से वाक शक्ति में निपुणता आती हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से व्यवसायीक कार्यों में लाभ प्राप्त होता हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष से मनुष्यको भौतिक सुख-संपन्नता प्राप्त होती हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने दारिद्र्यता दूर होती हैं।
- जानकारों नें छः मुखी रुद्राक्ष को धारण करना मूर्च्छा जैसी बीमारी में लाभदायक बताया हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफलता प्राप्त होती हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से अपार शक्ति प्राप्त होती हैं व मनुष्यकी सकल इच्छाओं की पूर्ति होती हैं।
- माहापुरुषो का कथन हैं की छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से भ्रूणहत्या आदि पापों का निवारण होता हैं।
- इस लिए इसे शत्रुंजय रुद्राक्ष कहां जाता हैं।
- छः मुखी रुद्राक्ष धारण करने से सभी प्रकार की अभीष्ट सिद्धियां प्राप्ति में सहायता मिलती हैं।

छः मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं सौं ऐं॥

सात मुखी रुद्राक्ष:

- सात मुखी रुद्राक्ष सप्त मातृकाओं का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं। इसे शास्त्रों में अनंग स्वरुप भी कहा गया हैं।
- सात मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से सभी प्रकार के रोग शांत हो जाते हैं।
- सात मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से दीर्धायु की प्राप्ति होती हैं।
- सात मुखी रुद्राक्ष धारण करने से अभीष्ट सिद्धियां प्राप्त होती हैं।
- महापुरुषो का का कथन हैं की सात मुखी रुद्राक्ष धारण करने से सोने की चोरी, गौवध जैसे अनेक पापों को नाश होता हैं।
- मान्यता हैं की सात मुखी रुद्राक्ष धारण कर्ता की अस्त्र-शस्त्रों के प्रहार से रक्षा करता हैं।
- विद्वानो के मतानुशार सात मुखी रुद्राक्ष अकाल मृत्यु के भय को टालता हैं।
- सात मुखी रुद्राक्ष धारण करने से शीघ्र उत्तम भूमि की प्राप्ति होती हैं।
- सात मुखी रुद्राक्ष धारण करने से विष प्रभाव से रक्षा होती हैं।
- सात मुखी रुद्राक्ष को सन्निपात, मिर्गी रोग, शीत-ज्वर इत्यादि रोगों को शांत करने में लाभदायक होता हैं।
- सात मुखी रुद्राक्ष धारण करने से दरिद्रता दूर होती हैं।

- सात मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से व्यक्ति को यश-मानसम्मान की वृद्धि होती हैं।

सात मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ हुं क्रीं ह्रीं सौं॥

आठ मुखी रुद्राक्ष:

- आठ मुखी रुद्राक्ष गणेशजी का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं। आठ मुखी रुद्राक्ष को भैरव का स्वरुप भी माना जाता हैं।
- आठ मुखी रुद्राक्ष अष्ट सिद्धियों को प्रदान करने वाला हैं।
- आठ मुखी रुद्राक्ष धारण करने से विभिन्न प्रकार के विघ्नों को दूर करने वाला हैं।
- जिन लोगों का चित्त अधिकतर चंचल रहता हैं उनके आठ मुखी रुद्राक्ष धारण करने से एकाग्रता बढाने में लाभप्राप्त होता हैं।
- महापुरुषो का का कथन हैं की आठ मुखी रुद्राक्ष धारण करने से असत्य भाषण, मानकूटादिक व परस्त्रीजन्य पापों का नाश होता हैं।
- विद्वानो का मत हैं की आठ मुखी रुद्राक्ष धारण करके गणेशजी की पूजा-अर्चना एवं साधना करने से वह शीघ्र फलप्रद होती हैं।
- आठ मुखी रुद्राक्ष धारण करने से सर्व देवगण प्रसन्न होते हैं।
- आठ मुखी रुद्राक्ष धारण करने से पूर्णाअयुष्य की प्राप्ति होती हैं।

आठ मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ ह्रां ग्रीं लं आं श्रीं॥

नव मुखी रुद्राक्ष:

- नव मुखी रुद्राक्ष नवदुर्गा का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं। नव मुखी रुद्राक्ष को भैरव का प्रतिक भी माना जाता हैं। नव मुखी रुद्राक्ष को नवग्रह, नव-नाथों एवं नवधा भक्ति का प्रतीक भी समझा जाता हैं।
- नवमुखी रुद्राक्ष नव निधियों के प्रदान करने वाला हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष को हजारों-लाखो-करोड़ो पापों को नष्ट करने वाला कहा गया हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष मृत्यु भय दूर होता हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से सभी प्रकार की साधना में शीघ्र सफलता प्राप्त होती हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष धारण करने से मनुष्य के मान-सम्मान, प्रतिष्ठा में वृद्धि होती हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष को कार्य सिद्ध के लिए उत्तम माना जाता हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से शत्रुपक्ष पराजित होता हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष कोर्ट-कचेरी के कार्यो में सफलता प्राप्त करने के लिए उत्तम माना जाता हैं।
- नव मुखी रुद्राक्ष धारण करने से हृदय रोग नियंत्रण करने में विशेष लाभप्रद होता हैं।

नव मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ ह्रीं वं यं रं लं॥

दश मुखी रुद्राक्ष:

- दश मुखी रुद्राक्ष भगवान विष्णु का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं। दश मुखी रुद्राक्ष को यम एवं दस दिक्पाल का स्वरुप भी माना गया हैं।
- एसा मानाजाता हैं कि दस मुखी रुद्राक्ष में भगवान विष्णु के दशों अवतारों की शक्ति समाहित होती हैं।
- तांत्रिक साधनाओं में दस मुखी रुद्राक्ष का विशेष महत्व माना जाता हैं।
- दस मुखी रुद्राक्ष धारण करने से भूत-प्रेत, मारण-मोहन इत्यादि तांत्रिक बाधाओं के दुष्प्रभाव प्रभाव नहीं होता।
- दस मुखी रुद्राक्ष धारण करने से आकस्मिक दुर्घटनाओं से रक्षा होती हैं।
- दस मुखी रुद्राक्ष धारण करने से शीघ्र ही मनुष्य का यश दशों दिशाओं में फेल जाता हैं।
- दस मुखी रुद्राक्ष धारण करने से मनुष्य की सकल मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।
- रोगों को शांत करने में दस मुखी रुद्राक्ष से विशेष लाभदायक होता हैं।

- दस मुखी रुद्राक्ष धारण करने से ग्रहों के अशुभ प्रभाव शांत होते हैं।
- दस मुखी रुद्राक्ष सभी प्रकार की बाधाओं का नाश कर, मनुष्य को सुख-शांति व समृद्धि प्रदान करता हैं

दश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं व्रीं ॐ॥

एकादश मुखी रुद्राक्ष:

- एकादश मुखी रुद्राक्ष को एकादश रुद्र का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं। इन्द्र को भी एकादश मुखी रुद्राक्ष के देवता माना गया हैं।
- एकादश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से सुख-समृद्धि व सौभाग्य की वृद्दि होती हैं।
- एकादश मुखी रुद्राक्ष को संतान सुख के लिए लाभकारी माना गया हैं।
- एकादश मुखी रुद्राक्ष सौभाग्यवती स्त्रीयों को अपने पति कल्याण के लिए धारण करना विशेष शुभ फलदायी माना गया हैं।
- एकादश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से सर्वत्र विजय की प्राप्ति होती हैं।
- एकादश मुखी रुद्राक्ष में समाज को मोहित करने की विशेष शक्ति होती हैं।
- उत्तम संतान की प्राप्ति के लिए भी एकादश मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- एकादश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से संक्रामक रोगों से सुरक्षा होती हैं। व यदि कोई व्यक्ति संक्रामक रोग से पीडित हैं तो शीघ्र स्वस्थ्य लाभ हेतु एकादश मुखी रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।
- शास्त्रों में उल्लेख हैं की एकादश मुखी रुद्राक्ष को मस्तक में या शिखा पर धारण करने पर अश्वमेघ यज्ञ करने के समान फल, वाजपेय यज्ञ करने के समान फल एवं चंद्र ग्रहण में किए गए दान पुण्य के समान फल प्राप्त होते हैं।

एकादश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ रुं मूं यूं औं॥

द्वादश मुखी रुद्राक्ष:

- द्वादश मुखी रुद्राक्ष को भगवान विष्णु का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं।
- द्वादश मुखी रुद्राक्ष में सूर्य आदि देवता वास करते हैं। इस लिए इसे आदित्यरुद्राक्ष भी कहते हैं।
- विष्णु भक्तों यदि द्वादश मुखी रुद्राक्ष धारण करते हैं तो भगवान शीघ्र प्रसन्न होते हैं।
- ब्रह्मचार्य व्रत के पालन के लिए द्वादश मुखी रुद्राक्ष को धारण करना विशेष उपयोगी सिद्ध होता हैं।
- द्वादश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से मनुष्य के ओज-तेज की वृद्धि होती हैं।
- द्वादश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से विभिन्न प्रकारकी व्याधियों से स्वतःमुक्ति मिलने लगती हैं।
- द्वादश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से जहरीले जीव-जंतु, चोर-लुटेरों, अग्नि भय, आदि शुद्र शक्तियों से सुरक्षा होती हैं।
- द्वादश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से मनुष्य के समस्त पापों का नाश हो जाता हैं।
- विद्वानो का मत हैं की द्वादश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से दरिद्र से दरिद्र मनुष्य का भी समृद्धि को प्राप्त कर लेता हैं।
- ३२ मणकों की माला कंठ में धारण करने से मनुष्य के गो-वध, मनुष्य वध एवं चोरी इत्यादि पापों का नाश होता हैं।
- विद्वानो का कथन हैं की द्वादश मुखी रुद्राक्ष को शिखा पर धारण करने से मनुष्य के मस्तक प्र आदित्य विराजमान हो जाते हैं।

द्वादश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ ह्रीं श्रौं धृणि: श्रौं॥

त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष:

- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष को कामदेव का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं।

- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष को इन्द्र का स्वरुप भी माना गया हैं।
- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से मनुष्य की संपूर्ण मनोकामनाएं सिद्ध होती हैं।
- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से अतुल्य धन-संपत्तिअ प्राप्त होती हैं।
- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से व्यक्ति संपूर्ण धातुओं की रसायनादिक सिद्धियों का ज्ञाता बन जाता हैं।
- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से व्यक्ति को मान-सम्मान, यश, पद-प्रतिष्ठा, आकर्षक व्यक्तित्व की प्राप्ति होती हैं।
- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष का विशेषज्ञ की सलाह से दूध के साथ प्रयोग लाभकरी सिद्ध होता हैं।
- त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से समस्त प्रकार की शक्ति व सिद्धियों की प्राप्ति में विशेष सहायता प्राप्त होती हैं।

त्रयोदश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ ईं यां आप ओम्॥

चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष:

- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को शिव का साक्षात स्वरुप माना जाता हैं। विद्वानो ने चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को हनुमान का स्वरुप भी माना हैं। इस लिए चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को हनुमान रुद्राक्ष के नाम से भी जाना जाता हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से सकल अभीष्ट सिद्धियों की प्राप्ति होती हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष की उत्पत्ति के बारे में उल्लेख हैं की भगवान शिव के डमरु से चौदह प्रत्याहार निकले थे तथा कुछ प्रमुख शास्त्रों में भी एक से चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष का उल्लेख मिलता हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से सभी प्रकार के कष्टों का निवारण हो जाता हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से मनुष्य विभिन्न रोगों से मुक्ति मिलती हैं और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से व्यक्ति को सभी क्षेत्रों में उन्नति प्राप्त होती हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से परम पद की प्राप्ति होती हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से शनि ग्रह से संबंधित अशुभ प्रभाव की शांति होती हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष धारण करने से शत्रु व दुष्टों का नाश होता हैं।
- चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष धारण को मस्तक पर धारण करने से समस्त पापों का नाश होता हैं।

चतुर्दश मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मन्त्र:-

ॐ औं स्फे खव्फैं हस्त्रौं हसव्फ्रैः॥

जो मनुष्य पृथ्वी पर रुद्राक्ष को मंत्र सहित धारण करते हैं वे रुद्रलोक में जाकर वास करते हैं तथा जो मंत्र रहित रुद्राक्ष धारण करते हैं वे घोर नरक के भागी होते हैं। उपरोंक्त रुद्राक्षों को धारण करने वाले मनुष्य को भूत, प्रत, पिशाच, डाकिनी, शाकिनी आदि का भय नहीं रहता। रुद्राक्ष धारण करता मनुष्य पर देवी-देवता शीघ्र प्रसन्न होते हैं। व मनुष्य की समस्त कामनाएं पूर्ण होती हैं।

शिव महत्व

संकलन गुरुत्व कार्यालय

धर्म शास्त्रो में भगवान शिव को जगत पिता बताया गया हैं। क्योकि भगवान शिव सर्वव्यापी एवं पूर्ण ब्रह्म हैं। हिंदू संस्कृति में शिव को मनुष्य के कल्याण का प्रतीक माना जाता हैं। शिव शब्द के उच्चारण या ध्यान मात्र से ही मनुष्य को परम आनंद प्रदान करता हैं। भगवान शिव भारतीय संस्कृति को दर्शन ज्ञान के द्वारा संजीवनी प्रदान करने वाले देव हैं। इसी कारण अनादि काल से भारतीय धर्म साधना में निराकार रूप में होते हुवे भी शिवलिंग के रूप में साकार मूर्ति की पूजा होती हैं। देश-विदेश में भगवान शिव के मंदिर हर छोटे-बडे शहर एवं कस्बो में मोजुद हैं, जो भगवान महादेव की व्यापकता को एवं उनके भक्तो कि आस्था को प्रकट करते हैं।

भगवान शिव एक मात्र एसे देव हैं जिसे भोले भंडारी कहा जाता हैं, भगवान शिव थोडी सी पूजा-अर्चना से ही वह प्रसन्न हो जाते हैं। मानव जाति की उत्पत्ति भी भगवान शिव से मानी जाती हैं। अतः भगवान शिव के स्वरूप को जानना प्रत्येक शिव भक्त के लिए परम आवश्यक हैं। भगवान भोले नाथ ने समुद्र मंथन से निकले हुए समग्र विष को अपने कंठ में धारण कर वह नीलकंठ कहलाये।

शिव उपासना का महत्व

भगवान शिव का सतो गुण, रजो गुण, तमो गुण तीनों पर एक समान अधिकार हैं। शिवने अपने मस्तक पर चंद्रमा को धारण कर शशि शेखर कहलाये हैं। चंद्रमा से शिव को विशेष स्नेह होने के कारण चंद्र सोमवार का अधिपति हैं इस लिये शिव का प्रिय वार सोमवार हैं। शिव कि पूजा-अर्चना के लिये सोमवार के दिन करने का विशेष महत्व हैं, इस दिन व्रत रखने से या शिव लिंग पर अभिषेक करने से शिवकी विशेष कृपा प्राप्त होती हैं।

सभी सोमवार शिव को प्रिय हैं, परंतु पूरे श्रावण मास के सभी सोमवार को किये गये व्रत-पूजा अर्चना अभिषेक पूरे वर्ष किये गये व्रत के समान फल प्रदान करने वाली होती हैं।

शिव को श्रावण मास इस लिये अधिक प्रिय हैं क्योकि श्रावण मास में वातावरण में जल तत्व कि अधिकता होती हैं एवं चंद्र जलतत्व का अधिपती ग्रह हैं। जो शिव के मस्तक पर सुशोभित हैं।

शिव उपासना के विभिन्न रूप वेदों में वर्णित हैं। शिव मंत्र उपासना में पंचाक्षरी "नम :शिवाय "या "ॐ नम :शिवाय "और महामृत्युंजय इत्यादि मंत्रों के जप का भी श्रावण मास में विशेष महत्व हैं, श्रावण मास में किय गये मंत्र जाप कई गुना अधिक प्रभाव शाली सिद्ध होते देखे गये हैं। जहा शिव पंचाक्षरी मंत्र मनुष्य को समस्त भौतिक सुख साधनो कि प्राप्ति हेतु विशेष लाभकारी हैं, वहीं महामृत्युंजय मंत्र के जप से मनुष्य के सभी प्रकार के मृत्यु भय-रोग-कष्ट-दरिद्रता दूर होकर उसे दीर्घायु की प्राप्ति होती हैं। महामृत्युंजय मंत्र, रूद्राभिषेक आदि का सामुहिक अनुष्ठान करने से अतिवृष्टि, अनावृष्टि एवं महामारी आदि से रक्षा होती हैं एवं अन्य सभी प्रकार के उपद्रवों की शांति होती हैं।

शिवलिंग पूजा का महत्व क्या हैं?

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

शिवमहा पुराण के सृष्टिखंड अध्याय १२ श्लोक ८२ से ८६ में ब्रह्मा जी के पुत्र संतकुमार जी वेदव्यास जी को उपदेश देते हुए कहते हैं, हर गृहस्थ मनुष्य को अपने सद्गुरू से विधिवत दीक्षा लेकर पंचदेवों (गणेश, सूर्य, विष्णु, दुर्गा, शिव) की प्रतिमाओं का नित्य पूजन करना चाहिए। क्योंकि शिव ही सबके मूल हैं, इस लिये मूल (शिव) को सींचने से सभी देवता तृप्त हो जाते हैं परन्तु सभी देवताओं को प्रसन्न करने पर भी शिव प्रसन्न नहीं होते। यह रहस्य केवल और केवल सद्गुरू कि शरण में रहने वाले व्यक्ति ही जान सकते हैं।

- सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु ने एक बार सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा के साथ निर्गुण, निराकार शिव से प्रार्थना की, प्रभु आप कैसे प्रसन्न होते हैं। भगवान शिव बोले मुझे प्रसन्न करने के लिए शिवलिंग का पूजन करो। जब किसी प्रकार का संकट या दु:ख हो तो शिवलिंग का पूजन करने से समस्त दु:खों का नाश हो जाता है।(शिवमहापुराण सृष्टिखंड)
- जब देवर्षि नारद ने भगवान श्री विष्णु को शाप दिया और बाद में पश्चाताप किया तब विष्णु ने नारदजी को पश्चाताप के लिए शिवलिंग का पूजन, शिवभक्तों का सत्कार, नित्य शिवशत नाम का जाप आदि उपाय सुझाये। (शिवमहापुराण सृष्टिखंड)
- एक बार सृष्टि रचयिता ब्रह्माजी सभी देवताओं को लेकर क्षीर सागर में श्री विष्णु के पास परम तत्व जानने के लिए पहोच गये। श्री विष्णु ने सभी को शिवलिंग की पूजा करने का सुझाव दिया और विश्वकर्मा को बुलाकर देवताओं के अनुसार अलग-अलग द्रव्य पदार्थ के शिवलिंग बनाकर देने का आदेश देकर सभी को विधिवत पूजा से अवगत करवाया। (शिवमहापुराण सृष्टिखंड)
- ब्रह्मा जी ने देवर्षि नारद को शिवलिंग की पूजा की महिमा का उपदेश देते हुवे कहा। इसी उपदेश से जो ग्रंथ कि रचना हुई वो शिव महापुराण हैं। माता पार्वती के अत्यन्त आग्रह से, जनकल्याण के लिए निर्गुण, निराकार शिव ने सौ करोड़ श्लोकों में शिवमहापुराण की रचना कि। जो चारों वेद और अन्य सभी पुराण शिवमहापुराण की तुलना में नहीं आ सकते। भगवान शिव की आज्ञा पाकर विष्णु के अवतार वेदव्यास जी ने शिवमहापुराण को २४६७२ श्लोकों में संक्षिप्त किया हैं।
- जब पाण्ड़व वनवास में थे , तब कपट से दुर्योधन पाण्ड़वों को दुर्वासा ऋषि को भेजकर तथा मूक नामक राक्षस को भेजकर कष्ट देता था। तब पाण्ड़वों ने श्री कृष्ण से दुर्योधन के दुर्व्यवहार से अवगत कराया और उससे छुटकारा पाने का मार्ग पूछा। तब श्री कृष्ण ने पाण्ड़वों को भगवान शिव की पूजा करने के लिए सलाह दी और कहा मैंने स्वयंने अपने सभी मनोरथों को प्राप्त करने के लिए भगवान शिव की पूजा की हैं और आज भी कर रहा हुं। आप लोग भी करो। वेदव्यासजी ने भी पाण्ड़वों को भगवान शिव की पूजा का उपदेश दिया। हिमालय से लेकर पाण्ड़व विश्व के हर कोने में जहां भी गये उन सभी स्थानो पर शिवलिंग कि स्थापना कर पूजा अर्चना करने का वर्णन शास्त्रों में मिलता हैं।

शिव महापुराण

सृष्टिखंड अध्याय ११ श्लोक १२ से १५ में शिव पूजा से प्राप्त होने वाले सुखों का वर्णन इस प्रकार हैं:

दरिद्रता, रोग कष्ट, शत्रु पीड़ा एवं चारों प्रकार के पाप तभी तक कष्ट देता है, जब तक भगवान शिव की पूजा नहीं की जाती। महादेव का पूजन कर लेने पर सभी प्रकार के दु:खोका शमन हो जाता हैं। सभी प्रकार के सुख प्राप्त हो जाते हैं एवं इससे सभी मनोकामनाएं सिद्ध हो जाती हैं।(शिवमहापुराण सृष्टिखंड अध्याय- ११ श्लोक१२ से १५

साक्षात ब्रह्म हैं शिवलिंग

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

शिवलिंगकी पूजा-अर्चना अनादिकालसे विश्वव्यापक रही हैं। संसार के सबसे प्राचीन ग्रन्थ **ऋग्वेद में लिंग उपासना का उल्लेख मिलता हैं।**

सर्वदेवात्मको रुद्र: सर्वे देवा: शिवात्मका:।

भावार्थ: भगवान शिव और रुद्र सर्व देवों में विराजमान होने से ब्रह्म के ही पर्यायवाची शब्द हैं। प्राय: सभी सभी शास्त्र एवं पुराणों में शिवलिंग के पूजन का उल्लेख मिलता हैं। हिन्दू शास्त्रों में जहां भी शिव उपासनाका वर्णन किया गया हैं, वहां शिवलिंग की महिमा का गुण-गान अवश्य मिलता हैं।

स्कन्दपुराणमें शिवलिंग महिमा इस प्रकार की गई है-

आकाशं लिङ्गमित्याहु:पृथ्वी तस्यपीठिका।
आलय: सर्वदेवानांलयनाल्लिङ्गमुच्यते॥

भावार्थ: आकाश लिंग है और पृथ्वी उसकी पीठिका हैं। इस लिंग में समस्त देवताओं का वास हैं। सम्पूर्ण सृष्टि का इसमें लय हैं, इसीलिए इसे लिंग कहते हैं।

शिवपुराणमें शिवलिंग महिमा इस प्रकार की गई है-

लिङ्गमर्थ हि पुरुषंशिवंगमयतीत्यद:।
शिव-शक्त्योश्च चिह्नस्यमेलनंलिङ्गमुच्यते॥

भावार्थ: शिव-शक्ति के चिह्नोंका सम्मिलित स्वरूप ही शिवलिंग हैं। इस प्रकार लिंग में सृष्टि के जनक की अर्चना होती है।

- लिंग परमपुरुष सदा शिवका बोधक हैं। इस प्रकार यह विदित होता है कि लिंग का प्रथम अर्थ प्रकट करने वाला हुआ, क्योंकि इसी से सृष्टि की उत्पत्ति हुई हैं।
- दूसरा **भावार्थ:** यह प्राणियों का परम कारण और निवास-स्थान हैं।
- तीसरा **भावार्थ:** शिव- शक्ति का लिंग योनि भाव और अर्द्धनारीश्वर भाव मूलत:एक ही स्वरुप हैं। सृष्टि के बीज को देने वाले परम लिंग रूप भगवान शिव जब अपनी प्रकृति रूपा शक्ति से आधार-आधेय की भाँति संयुक्त होते हैं, तभी सृष्टि की उत्पत्ति होती है, अन्यथा नहीं।

लिंगपुराण शिवलिंग महिमा इस प्रकार की गई है-

मूले ब्रह्मा तथा मध्येविष्णुस्त्रिभुवनेश्वर:।

रुद्रोपरिमहादेव: प्रणवाख्य:सदाशिव:॥
लिङ्गवेदीमहादेवी लिङ्गसाक्षान्महेश्वर:।
तयो:सम्पूजनान्नित्यंदेवी देवश्चपूजितो॥

भावार्थ: शिव लिंगके मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु तथा शीर्ष में शंकर हैं। प्रणव (ॐ) स्वरूप होने से सदाशिवमहादेव कहलाते हैं। शिवलिंगप्रणव का रूप होने से साक्षात् ब्रह्म ही है। लिंग महेश्वर और उसकी वेदी महादेवी होने से लिगांचर्नके द्वारा शिव-शिक्त दोनों की पूजा स्वत:सम्पन्न हो जाती है। लिंगपुराण में शिव को त्रिदेवमयऔर शिव-शक्ति का संयुक्त स्वरूप होने का उल्लेख किया गया हैं।

भगवान शिव द्वारा शिवलिंग महिमा इस प्रकार की गई है-

लोकं लिङ्गात्मकंज्ञात्वालिङ्गेयोऽर्चयतेहि माम्।
न मेतस्मात्प्रियतर:प्रियोवाविद्यतेक्वचित्॥

भावार्थ: जो भक्त संसार के मूल कारण महाचैतन्यलिंग की अर्चना करता हैं और लोक को लिंगात्मकजानकर लिंग-पूजा में तत्पर रहता हैं, मुझे उससे अधिक प्रिय अन्य कोई मनुष्य नहीं हैं।

शिवलिंग के विभिन्न प्रकार व लाभ

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

- "गन्धलिंग" दो भाग कस्तुरी, चार भाग चन्दन और तीन भाग कुंकम से बनाया जाता हैं।
- मिश्री(चिनी) से बने शिव लिंग कि पूजा से रोगो का नाश होकर सभी प्रकार से सुखप्रद होती हैं।
- सोंढ, मिर्च, पीपल के चूर्ण में नमक मिलाकर बने शिवलिंग कि पूजा से वशीकरण और अभिचार कर्म के लिये किया जाता हैं।
- फूलों से बने शिव लिंग कि पूजा से भूमि-भवन कि प्राप्ति होती हैं।
- जौं, गेहुं, चावल तीनो का एक समान भाग में मिश्रण कर आटे के बने शिवलिंग कि पूजा से परिवार में सुख समृद्धि एवं संतान का लाभ होकर रोग से रक्षा होती हैं।
- किसी भी फल को शिवलिंग के समान रखकर उसकी पूजा करने से फलवाटिका में अधिक उत्तम फल होता हैं।
- यज्ञ कि भस्म से बने शिव लिंग कि पूजा से अभीष्ट सिद्धियां प्राप्त होती हैं।
- यदि बाँस के अंकुर को शिवलिंग के समान काटकर पूजा करने से वंश वृद्धि होती है।
- दही को कपडे में बांधकर निचोड़ देने के पश्चात उससे जो शिवलिंग बनता हैं उसका पूजन करने से समस्त सुख एवं धन कि प्राप्ति होती हैं।
- गुड़ से बने शिवलिंग में अन्न चिपकाकर शिवलिंग बनाकर पूजा करने से कृषि उत्पादन में वृद्धि होती हैं।
- आंवले से बने शिवलिंग का रुद्राभिषेक करने से मुक्ति प्राप्त होती हैं।
- कपूर से बने शिवलिंग का पूजन करने से आध्यात्मिक उन्नती प्रदत एवं मुक्ति प्रदत होता हैं।
- यदि दुर्वा को शिवलिंग के आकार में गूंथकर उसकी पूजा करने से अकाल-मृत्यु का भय दूर हो जाता हैं।
- स्फटिक के शिवलिंग का पूजन करने से व्यक्ति कि सभी अभीष्ट कामनाओं को पूर्ण करने में समर्थ हैं।
- मोती के बने शिवलिंग का पूजन स्त्री के सौभाग्य में वृद्धि करता हैं।
- स्वर्ण निर्मित शिवलिंग का पूजन करने से समस्त सुख-समृद्धि कि वृद्धि होती हैं।
- चांदी के बने शिवलिंग का पूजन करने से धन-धान्य बढ़ाता हैं।
- पीपल कि लकडी से बना शिवलिंग दरिद्रता का निवारण करता हैं।
- लहसुनिया से बना शिवलिंग शत्रुओं का नाश कर विजय प्रदत होता हैं।

कैसे करें शिव का पूजन

संकलन गुरुत्व कार्यालय

भगवान शिव का प्रिय- सोमवार, माह की दोनो चतुर्दशी, प्रदोष व्रत, माह श्रावण मास हैं, इस विशेष शुभ अवशरो पर अल्प समय में शिव पूजन का पूर्ण लाभ प्राप्त हो इस लिये शिवपूजन की वर्णित विधि से पूर्ण की जा सकती हैं।

❖ उक्त शुभ अवसरो पर प्रातः काल उठकर स्नानादि से निवृत्त होकर त्रिदल वाले सुन्दर-साफ, बिना कटे-फटे पाँच-सात- नौ-ग्यारा यथा शक्ति विषम संख्या में बिल्व पत्र लेने चाहिये। यदि बिल्व पत्र प्राप्त नहो तो अक्षत अर्थात बिना टूटे-फूटे चावल को पूजन में ले सकते हैं।

❖ साफ लोटे या किसी अन्य सुंदर पात्र में गंगा जल यदि गंगाजल न हो तो स्वच्छ जल ले सकते हैं।

❖ पूजन हेतु अपनी सामर्थ्य के अनुसार अष्टगंध, चन्दन, हल्दी, धूप, दीप, अगरबत्ती इत्यादी सभी आवश्यक सामग्री लेकर किसी भी शिव मंदिर (शिवालय) में करना अधिक लाभ प्रद होता हैं। अन्यथा घर में शिवलिंग स्थापित कर सकते हैं।

❖ समस्त सामग्री को किसी स्वच्छ पात्र में रखदें। यदि कोई पात्र उपलब्ध न हो, तो भूमि को लीप-पोतकर स्वच्छ करके निम्न मंत्र का उच्चारण करते हुए समस्त सामग्री भूमी पर रख दें।

मंत्र-

अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशा।
सर्वेषामविरोधेन पूजा कर्मसमारम्भे॥
अपसर्पन्तु ते भूताः ये भूताः भूमिसंस्थिताः।
ये भूता विनकर्तारस्ते नष्टन्तु शिवाज्ञया।

उक्त विधान के पश्चयात यदि शिवलिंग को स्वच्छ जल से धोएँ और निम्न मंत्र का उच्चारण करें।

मंत्र-

गंगा सिन्धुश्य कावेरी यमुना च सरस्वती।

रेवा महानदी गोदा अस्मिन् जले सन्निधौ कुरु।

उक्त विधान के पश्चयात शिवलिंग के ऊपर अष्टगंध, चन्दन इत्यादि द्रव्य चढ़ाएँ और निम्न मंत्र का उच्चारण करें।

मंत्र-

ॐ भूः भुर्वः स्वः क्क द्रव्य त्रयम्बकं यजामहे सुगंधिम् पुष्टि वर्धनम् उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामुतः।

उक्त विधान के पश्चयात शिवलिंग के ऊपर अक्षत चढ़ाएँ और निम्न मंत्र का उच्चारण करें।

मंत्र-

ॐ अक्षन्नमीमदन्त हयव प्रिया अधूषत । अस्तोषत स्वभानवो विप्रा नविष्ठाया मती योजा न्विन्द्र ते हरी ।।

उक्त विधान के पश्चयात शिवलिंग के ऊपर पुष्प चढ़ाएँ और निम्न मंत्र का उच्चारण करें।

मंत्र-

ॐ ओषधीः प्रति मोदध्वं पुष्पवतीः प्रसूवरीः। अश्वा इव सजित्वरीर्व्वीरुधः पारयिष्णवः।

उक्त विधान के पश्चयात भगवान को धूप अर्पण करें तथा भगवान को बिल्वपत्र अर्पण करें और निम्न मंत्र का उच्चारण करें।

मंत्र-

काशीवास निवासिनाम् कालभैरव पूजनम्।

कोटिकन्या महादानम् एक बिल्वं समर्पणम्।

दर्षनं बिल्वपत्रस्य स्पर्षनं पापनाशनम्।

अघोर पाप संहार एकबिल्वं शिवार्पणम।

त्रिदलं त्रिगुणाकारं त्रिनेत्रं च त्रयायुधम्।

त्रिजन्मपाप संहारं एकबिल्वं शिवार्पणम।

उक्त विधान के पश्चयात शिवलिंग के ऊपर गंगा जल या शुद्ध जल चढ़ाएँ और निम्न मंत्र का उच्चारण करें।

मंत्र-

गंगोत्तरी वेग बलात् समुद्धृतम् सुवर्ण पात्रेण हिमान्षु शीतलम् सुनिर्मलाम्भो ह्यमृतोपमम् जलम् गृहाण काशीपति भक्त वत्सल

उक्त विधान के पश्चयात भगवान शिव से पूजन में हुई तृटि हेतु निम्न मंत्र का उच्चारण करते हुए क्षमा याचना करें।

अपराधो सहस्राणि क्रियन्तेऽहर्निषम् मया, दासोऽयमिति माम् मत्वा क्षमस्व परमेश्वर।

आवाहनम् न जानामि न जानामि विसर्जनम् पूजाम् चैव न जानामि क्षमस्व परमेश्वर।

मन्त्रहीनम् क्रियाहीनम् भक्तिहीनम् सुरेश्वर, यत्पूजितम् मया देव परिपूर्ण तदस्तु मे।

बिना मंत्र पढ़े भी उक्त समस्त सामग्री भगवान शिव को पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति भाव से अर्पित की जा सकती है।

व्यक्ति के अंतर मन में केवल विश्वास एवं श्रद्धा होनी चाहिए।

क्योकि भगवान भोलेनाथ के वचन हैं:

न मे प्रियश्चतुर्वेदी मद्भक्तः श्वपचोऽपि यः।

तस्मै देयम् ततो ग्राह्यम् स च पूज्यो यथा ह्यहम्॥

पत्रम् पुष्पम् फलम् तोयम् यो मे भक्त्या प्रयच्छति।

तस्याहम् न प्रणस्यामि स च मे न प्रणस्यति॥

अर्थात: जो भक्तिभाव से बिना किसी वेद मंत्र के उच्चारण किए मात्र पत्र, पुष्प, फल अथवा जल समर्पित करता हैं उसके लिए मैं अदृश्य नहीं होता हूँ और वह भी मेरी दृष्टि से कभी ओझल नहीं होता हैं।

शिव पूजन से कामना सिद्धि

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

शिवलिंग पर गंगा जल से अभिषेक करने से भौतिक सुख प्राप्त होता हैं एवं मनुष्य को मोक्ष कि प्राप्ति होती हैं। शिव पुराण के अनुशार शिवलिंग पर अन्न, फूल एवं विभिन्न वस्तुओं से जलाभिषेक कर मनुष्य के समस्त प्रकार के कष्टोका निवारण किया जासकता हैं।

- ❖ निम्न साधना शिव प्रतिमा(मूर्ति) के समक्ष करने से शीघ्र लाभ प्राप्त होते हैं।
- ❖ लक्ष्मी प्राप्ति हेतु भगवान शिव को बिल्वपत्र, कमल, शतपत्र एवं शंखपुष्प अर्पण करने से लाभ प्राप्त होता हैं।
- ❖ पुत्र प्राप्ति हेतु भगवान शिव को धतुरे के फूल अर्पण करने से शुभ फल कि प्राप्ति होती हैं।
- ❖ भौतिक सुख एवं मोक्ष प्राप्ति हेतु स्वेत आक, अपमार्ग एवं सफेद कमल के फूल भगवान शिव को चढाने से लाभ प्राप्त होता हैं।
- ❖ वाहन सुख कि प्राप्ति हेतु चमेली के फूल भगवान शिव को चढाने से शीघ्र उत्तम वाहन प्राप्ति के योग बनते हैं।
- ❖ विवाह सुख में आने वाली बाधाओं को दूर करने हेतु बेला के फूल भगवान शिव को चढाने से उत्तम पत्नी की प्राप्ति होती होती हैं एवं कन्या के फूल चढाने से उत्तम पति कि प्राप्ति होती हैं।
- ❖ जूही के फूल भगवान शिव को चढाने से व्यक्ति को अन्न का अभाव नहीं होता हैं।
- ❖ सुख सम्पत्ति की प्राप्ति हेतु भगवान शिव को हार सिंगार के फूल चढाने से लाभ प्राप्त होता हैं।

शिवलिंग पर अभिषेक हेतु प्रयोग

- ❖ वंश वृद्धि हेतु शिवलिंग पर घी का अभिषेक शुभ फलदायी होता हैं।
- ❖ भौतिक सुख साधनो में वृद्धि हेतु शिवलिंग पर सुगंधित द्रव्य से अभिषेक करने से शीघ्र उनमें बढोतरी होती हैं।
- ❖ रोग निवृत्ति हेतु महामृत्युंजय मंत्र जप करते हुवे शहद (मधु) से अभिषेक करने से रोगों का नाश होता हैं।
- ❖ रोजगार वृद्धि हेतु गंगाजल एवं शहद (मधु) से अभिषेक करने से लाभ प्राप्त होता हैं।
- ❖ मानसिक अशांति व मानसिक कमजोरी के निवारण हेतु शिवलिंग पर जल अथवा दूध या दोनो के मिश्रण से अभिषेक करना चाहिए।
- ❖ पारिवारीक अशांति के निवारण हेतु शिवलिंग पर दूध से अभिषेक करना चाहिए।
- ❖ आनावश्यक कष्टो एवं दु:खो के निवारण हेतु शिवलिंग पर दूध से अभिषेक करना चाहिए।

विद्वानो के मत से अन्य सभी सामग्री से किये गये अभिषेक से गंगाजल से किया गया अभिषेक श्रेष्ठ फल प्रदान करने वाला होता हैं। एसी मान्यता हैं की गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक करने से से चारों पुरुषार्थ अर्थात धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की प्राप्ति होती हैं।

महाशिवरात्री एवं श्रवण मास में किये गये पूजन एवं अभिषेक से भगवान शिव की कृपा प्राप्ति के साथ-साथ माता पर्वती, गणेश और मां लक्ष्मी की भी कृपा प्राप्त होती हैं।

शिव पूजन में कोन से फूल चढाएं?

संकलन गुरुत्व कार्यालय

विभिन्न कामनाओं की पूर्ति हेतु भगवान शिव का संबंधित फूलों से पूजन करने से अभिष्ट कामनाओं की पूर्ति शीघ्र होती हैं।

शिवपुराण की रुद्रसंहिता के अनुशार विभिन्न फूलों का प्रयोग कर यदि साधारण से साधारण मनुष्य भी थोडे से विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन करले तो उसे मनोवांछित फलों की प्राप्ति हो जाती हैं।

- जो व्यक्ति लाल व सफेद आंकड़े (आर्क) के फूल से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे भोग व मोक्ष की प्राप्ति होती हैं।
- जो व्यक्ति चमेली के फूल से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे उत्तम वाहन सुख की प्राप्ति होती हैं।
- जो व्यक्ति अलसी के फूल से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे भगवान श्री हरी विष्णु का आशिर्वाद प्राप्त होता हैं।
- जो व्यक्ति शमी पत्रों से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे मोक्ष की प्राप्ति होती हैं।
- जो व्यक्ति बेला के फूल से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे उत्तम पत्नी की प्राप्ति होती होती हैं यदि कोई कन्या बेला के फूल चढाती हैं तो उसे उत्तम पति कि प्राप्ति होती हैं, अर्थातः विवाह से संबंधित बाधाएं दूर होती हैं।
- जो व्यक्ति जूही के फूल से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसके घरमें अन्नपूर्णा का वास होता हैं उसे अन्न का अभाव नहीं होता हैं।
- जो व्यक्ति कनेर के फूल से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे उत्तम वस्त्र इत्यादी की प्राप्ति होती हैं।
- जो व्यक्ति हरसिंगार के फूल से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे सुख-सम्पत्ति की प्राप्ति एवं वृद्धि होती हैं।
- जो व्यक्ति धतुरे के फूल से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे उत्तम संतान की प्राप्ति होती हैं।
- जो व्यक्ति डंठलवाले धतूरे से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे शुभ फलो की प्राप्ति होती हैं।
- जो व्यक्ति हरी दुर्वा से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे दीर्धायु प्राप्त होती हैं।
- जो व्यक्ति तुलसीदल से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे भोग एवं मोक्ष की प्राप्ति होती हैं।
- जो व्यक्ति कमल के फूल से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे लक्ष्मी प्राप्ति होती हैं।
- जो व्यक्ति बिल्वपत्र से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे धन, ऎश्वर्य की प्राप्ति होती हैं।
- जो व्यक्ति शतपत्र से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे आर्थिक लाभ होता हैं।
- जो व्यक्ति शंखपुष्प से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे धन की प्राप्ति होती हैं।
- जो व्यक्ति सफेद कमल के फूल से भगवान शिव का पूजन करता हैं, उसे भौतिक सुख एवं मोक्ष की प्राप्ति होती हैं।

विशेष: शास्त्रोक्त मत से मनोकामना पूर्ति हेतु यदि संबंधित फूलों को एक लाख या सवा लाख की संखाया में शिवजी चढ़ाया जाए तो शीघ्र एवं उत्तम मनोनुकूल फल प्राप्त होते हैं। भगवान शिव के पूजन हेतु चम्पा एवं केवडे, केतकी के फूल निषेध मानेगएं हैं अन्य शेष सभी फूल शिव पूजन हेतु प्रयोग किये जा सकते हैं।

शिवपूजन से नवग्रह शांति

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

ज्योतिष शास्त्र और शिवरात्रि

शास्त्रोक्त मत से हिंदू पंचांग (केलेन्डर) के अनुशार चतुर्दशी तिथि के स्वामी शिवजी को माना जाता हैं। विद्वानो के मतानुशार वैदिक ज्योतिष शास्त्रों में चतुर्दशी तिथि को परम शुभ फलदायी व कल्याणकारी मना गया हैं। साधारणत् हर महीने की चतुर्दशी तिथि को शिवरात्रि कहा जाता हैं। परंतु फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को महाशिवरात्रि कहा जाता हैं।

ज्योतिष शास्त्र के प्रमुख प्राचीन ग्रंथ बृहत्पाराशर, होराशास्त्र में विभिन्न ग्रहों की दशा-अंतर्दशा में बनने वाले अनिष्टकारक योग की निवृत्ति व ग्रह शांति हेतु भगवान शिव की पूजा-अर्चन और रुद्राभिषेक पर अधिक परामर्श दिये गये हैं।

भृगुसंहितामें भी महर्षि भृगु अधिकांश जन्मकुंडलियों में अशुभ व पाप प्रभावी ग्रहों की पीडा का जड से नाश करने हेतु और नये प्रारब्ध कर्मो के निर्माण के लिये शिव आराधना एवं रुद्राभिषेक को श्रेष्ठ उपाय होने का उल्लेख किया हैं।

ज्योतिषी शास्त्र के अनुसार विश्व को उर्जा प्रदान करने वाले सूर्य इस समय तक उत्तरायण में आ होते हैं, और ऋतु परिवर्तन का यह समय अत्यंत शुभ कहा माना जाता हैं। शिव का अर्थ ही है कल्याण करना, एवं शिवजी सबका कल्याण करने वाले देवो के भी देव महादेव हैं। अत: महा शिवरात्रि के दिन शिव कृपा प्राप्त कर व्यक्ति को सरलता से इच्छित सुख की प्राप्ति होती हैं।

ज्योतिषीय सिद्धंत के अनुसार चतुर्दशी तिथि तक चंद्रमा अपनी क्षीणस्थ अवस्था में पहुंच जात्ता हैं।

अपनी क्षीण अवस्था के कारण बलहीन होकर चंद्रमा सृष्टि को ऊर्जा(प्रकाश) देने में असमर्थ हो जाते हैं। चंद्र का सीधा संबंध मनुष्य के मन से बताया गया हैं। ज्योतिष सिद्धन्त से जब चंद्र कमजोर होतो मन थोडा कमजोर हो जाता हैं, जिस्से भौतिक संताप प्राणी को घेर लेते हैं, और विषाद, मान्सिक चंचल्ता-अस्थिरता एवं असंतुलन से मनुष्य को विभिन्न प्रकार के कष्टों का सामना करना पड़ता हैं।

धर्म ग्रंथोमे चंद्रमा को शिव के मस्तक पर सुशोभित बताय गया हैं। जिस्से भगवान शिव की कृपा करने से चंद्रदेव की कृपा स्वतः प्राप्त हो जाती हैं। महाशिवरात्रि को शिव की अत्यंत प्रिय तिथि बताई गई हैं। ज्यादातर ज्योतिषी शिवरात्रि के दिन शिव आराधना कर समस्त कष्टों से मुक्ति पाने की सलाह देते हैं।

ज्योतिष शास्त्र के प्रमुख प्राचीन ग्रंथ बृहत्पाराशर, होराशास्त्र में विभिन्न ग्रहों की दशा-अंतर्दशा में बनने वाले अनिष्टकारक योग की निवृत्ति व ग्रह शांति हेतु भगवान शिव की पूजा-अर्चन और रुद्राभिषेक पर अधिक परामर्श दिये गये हैं। भृगुसंहितामें भी महर्षि भृगु अधिकांश जन्मकुंडलियों में अशुभ व पाप प्रभावी ग्रहों की पीडा का जड से नाश करने हेतु और नये प्रारब्ध कर्मो के निर्माण के लिये शिव आराधना एवं रुद्राभिषेक को श्रेष्ठ उपाय होने का उल्लेख किया हैं।

भगवान शिव की आराधना से व्यक्ति को दैविक, दैहिक, भौतिक जेसे अनेको कष्टों से मुक्ति मिलती है। क्योंकि शिव का अर्थ कल्याणकारी और मंगलमय होता हैं।

यदि व्यक्ति ग्रहों की प्रतिकूल दशा के कारण परेशान हों, ग्रह की अशुभता के कारण कष्ट हो रहे हो, तो ग्रहों की अशुभता के निवारण के लिए व्यक्ति को शिवरात्रि पर चार प्रहर की पूजा अत्याधिक लाभप्रद मानीगई हैं। शिवरात्री के दिन आंक के पुष्प एवं बिल्व पत्रों को "ॐ नम: शिवाय" का 108 बार जप करते हुए शिवलिंग पर चढ़ाने से विशेष लाभ प्राप्त होता हैं।

ग्रह शांति के उपाय:

सूर्य: शिवलिंग पर रूद्रपाठ करते हुए जल या दूध के साथ में शुद्ध घी, गुड़, शहद (मधु, महु, मध) लाल चंदन सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को जल या दूध

के साथ मिला कर अभिषेक करने से सूर्य ग्रह की अशुभता दूर होकर शुभ फलो की प्राप्ती होती हैं।

चंद्र : शिवलिंग पर रूद्रपाठ करते हुए दूध या जल के साथ में शुद्ध घी, सफेद तिल, सफेद चंदन, सफेद आक सब सामग्री मिला कर या किसी भी एक वस्तु को दूध या जल के साथ मिला कर अभिषेक करने से चंद्र ग्रह की अशुभता दूर होकर शुभ फलो की प्राप्ती होती हैं।

मंगल : शिवलिंग पर रूद्रपाठ करते हुए जल या दूध के साथ में गुड़, शहद (मधु, महु, मध) लाल चंदन, लाल कनेर के फूल सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को जल/ दूध के साथ मिला कर अभिषेक करने से मंगल ग्रह की अशुभता दूर होकर शुभ फलो की प्राप्ती होती हैं।

बुध: शिवलिंग पर रूद्रपाठ करते हुए गंगा जल या दूध के साथ में दूब, जौ, बेल पत्र सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को गंगा जल या दूध के साथ मिला कर अभिषेक करने से बुध ग्रह की अशुभता दूर होकर शुभ फलो की प्राप्ती होती हैं।

गुरु(बृहस्पति): शिवलिंग पर रूद्रपाठ करते हुए जल या दूध के साथ में हल्दी , केसर, चावल, घी, शहद, पीले फुल, पीली सरसों, नागकेसर सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को जल/ दूध के साथ मिला कर अभिषेक करने से **गुरु** ग्रह की अशुभता दूर होकर शुभ फलो की प्राप्ती होती हैं।

शुक्र: शिवलिंग पर रूद्रपाठ करते हुए गंगा जल या दही के साथ में शक्कर(मिश्री), अक्षत(चांवल), सफेद तिल, सफेद चंदन, श्वेत आक फूल, सुगंधित इत्र सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को जल या दही के साथ मिला कर अभिषेक करने से शुक्र ग्रह की अशुभता दूर होकर शुभ फलो की प्राप्ती होती हैं।

शनि : शिवलिंग पर रूद्रपाठ करते हुए गंगा जल या दही के साथ में काले तिल, सफेद चंदन, शक्कर(मिश्री), अक्षत(चांवल), सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को अभिषेक गंगा जल या दही के साथ मिला कर अभिषेक करने से शनि ग्रह की अशुभता दूर होकर शुभ फलो की प्राप्ती होती हैं।

राहू-केतु: शिवलिंग पर रूद्रपाठ करते हुए जल या दूध के साथ में भांग या धतूरे को जल/दूध के साथ मिला कर अभिषेक करने से राहू-केतु ग्रह से संबंधित अशुभता दूर होकर शुभ फलो की प्राप्ती होती हैं।

आपकी राशि और शिव पूजा

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

शिव पुराण में उल्लेख हैं की महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग की उत्पत्ति हुई थी, शिववरात्रि के दिन शिव पूजन, व्रत और उपवास से व्यक्ति को अनंत फल की प्राप्ति होती हैं।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार व्यक्ति अपनी राशि के अनुसा भगवान शिव की आराधना और पूजन कर विशेष लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिसे अपनी जन्म राशि या नाम राशि पता हो वह व्यक्ति निम्न सामग्री से शिवलिंग पर अभिषेक करें तो विशेष लाभ प्राप्त होते देखा गया हैं।

मेष : जल या दूध के साथ में गुड़, शहद (मधु, महु, मध) लाल चंदन, लाल कनेर के फूल सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को जल/ दूध के साथ मिला कर अभिषेक करने से विशेष लाभ मिलता हैं।

वृषभ : जल या दही के साथ में शक्कर(मिश्री), अक्षत(चांवल), सफेद तिल, सफेद चंदन, श्वेत आक फूल सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को जल या दही के साथ मिला कर अभिषेक करने से विशेष लाभ मिलता हैं।

मिथुन: गंगा जल या दूध के साथ में दूब, जौ, बेल पत्र सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को गंगा जल या दूध के साथ मिला कर अभिषेक करने से विशेष लाभ मिलता हैं।

कर्क : दूध या जल के साथ में शुद्ध घी, सफेद तिल, सफेद चंदन, सफेद आक सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को दूध या जल के साथ मिला कर अभिषेक करने से विशेष लाभ प्राप्त होता हैं।

सिंह: जल या दूध के साथ में शुद्ध घी, गुड़, शहद (मधु, महु, मध) लाल चंदन सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को जल या दूध के साथ मिला कर अभिषेक करने से विशेष लाभ प्राप्त होता हैं।

कन्या : गंगा जल या दूध के साथ में दूब, जौ, बेल पत्र सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को गंगा जल या दूध के साथ मिला कर अभिषेक करने से विशेष लाभ मिलता हैं।

तुला : गंगा जल या दही के साथ में शक्कर(मिश्री), अक्षत(चांवल), सफेद तिल, सफेद चंदन, श्वेत आक फूल, सुगंधित इत्र सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को जल या दही के साथ मिला कर अभिषेक करने से विशेष लाभ मिलता हैं।

वृश्चिक : जल या दूध के साथ में घी, गुड़, शहद (मधु, महु, मध) लाल चंदन, लाल रंग के फूल सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को जल/ दूध के साथ मिला कर अभिषेक करने से विशेष लाभ मिलता हैं।

धनु : जल या दूध के साथ में हल्दी , केसर, चावल, घी, शहद, पीले फुल, पीली सरसों, नागकेसर सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को जल/ दूध के साथ मिला कर अभिषेक करने से विशेष लाभ प्राप्त होता हैं।

मकर : गंगा जल या दही के साथ में काले तिल, सफेद चंदन, शक्कर(मिश्री), अक्षत(चांवल),सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को अभिषेक गंगा जल या दही के साथ मिला कर अभिषेक करने से विशेष लाभ प्राप्त होता हैं।

कुंभ : गंगा जल या दही के साथ में काले तिल, सफेद चंदन, शक्कर(मिश्री), अक्षत(चांवल),सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को अभिषेक गंगा जल या दही के साथ मिला कर अभिषेक करने से विशेष लाभ प्राप्त होता हैं।

मीन : जल या दूध के साथ में हल्दी , केसर, चावल, घी, शहद, पीले फुल, पीली सरसों, नागकेसर सब मिला कर या किसी भी एक वस्तु को जल/ दूध के साथ मिला कर अभिषेक करने से विशेष लाभ प्राप्त होता हैं।

महाशिव रात्रि एवं श्रावण मास मे सोमवार के दिन कोइ भी व्यक्ति जिसे अपनी राशि पता नहीं हैं वह व्यक्ति चाहे तो पंचामृत से शिवलिंग का अभिषेक कर सकते हैं

महामृत्युन्जय मंत्र

संकलन गुरुत्व कार्यालय

महामृत्युंजय मंत्र के विधि विधान के साथ में जाप करने से अकाल मृत्यु तो टलती ही हैं, रोग, शोक, भय इत्यादि का नाश होकर व्यक्ति को स्वस्थ आरोग्यता की प्राप्ति होती हैं।

यदि स्नान करते समय शरीर पर पानी डालते समय **महामृत्युन्जय मंत्र** का जप करने से त्वचा सम्बन्धित समस्याए दूर होकर स्वास्थ्य लाभ होता हैं।

यदि किसी भी प्रकार के अरिष्ट की आशंका हो, तो उसके निवारण एवं शान्ति के लिये शास्त्रों में सम्पूर्ण विधि-विधान से महामृत्युंजय मंत्र के जप करने का उल्लेख किया गया हैं। जिस्से व्यक्ति मृत्यु पर विजय प्राप्ति का वरदान देने वाले देवो के देव महादेव प्रसन्न होकर अपने भक्त के समस्त रोगो का हरण कर व्यक्ति को रोगमुक्त कर उसे दीर्घायु प्रदान करते हैं।

मृत्यु पर विजय प्राप्त करने के कारण ही इस मंत्र को मृत्युंजय कहा जाता है। महामृत्यंजय मंत्र की महिमा का वर्णन शिव पुराण, काशीखंड और महापुराण में किया गया हैं। आयुर्वेद के ग्रंथों में भी मृत्युंजय मंत्र का उल्लेख है। मृत्यु को जीत लेने के कारण ही इस मंत्र को मृत्युंजय कहा जाता है।

महत्व: **मृत्युर्विनिर्जितो यस्मात् तस्मान्मृत्युंजय: स्मृत: या मृत्युंजयति इति मृत्युंजय,**

अर्थात : जो मृत्यु को जीत ले, उसे ही मृत्युंजय कहा जाता हैं।

मानव शरीर में जो भी रोग उत्पन्न होते हैं उसके बारे में शास्त्रो में जो उल्लेख हैं वह इस प्रकार हैं। **"शरीरं व्याधिमंदिरम्"** ब्रह्मांड के पंच तत्वों से उत्पन्न शरीर में समय के अंतराल पर नाना प्रकार की आधि-व्यघि उपाधियां उत्पन्न होती रहती हैं। इस लिए हमें अपने शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए आहार-विहार, खान-पान और नियमित दिनचर्या निश्चित समय पर करना पडता हैं। यदि इन सब को निश्चित समय अवधि पर करते रहने के बाद भी यदि कोई रोग या व्याधि हो जाए एवं वह रोग इलाज कराने के बाद भी यदि ठीक नहीं हो एवं सभी जगा से निराशा हाथ लगरही हो तो एसे अरिष्ट की निवृत्ति या शांति के लिए महामृत्युज्य मंत्र जप का प्रयोग अवश्य करें।

शास्त्रों में मृत्यु भयको विपत्ति या संकट माना गया हैं, एवं शास्रो के अनुशार विपत्ति या मृत्य के निवारण के देवता शिव हैं। एवं ज्योतिषशास्त्र के अनुशार दुख, विपत्ति या मृत्य के प्रदाता एवं निवारण के देवता शनिदेव हैं, क्योकि शनि व्यक्ति के कर्मो के अनुरुप व्यक्ति को फल प्रदान करते हैं। शास्त्रो के अनुशार मार्कण्डेय ॠषि का जीवन अत्यल्प था, परंतु महामृत्युंजय मंत्र जप से शिव कृपा प्राप्त कर उन्हें चिरंजीवी होने का वरदान प्राप्त हुवा।

महामृत्युंजय का वेदोक्त मंत्र निम्नलिखित है-

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्॥

मंत्र उच्चारण विचार :इस मंत्र में आए प्रत्येक शब्द का उच्चारण स्पष्ट करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि स्पष्ट शब्द उच्चारण मे ही मंत्र कि समग्र शक्ति समाहित होती हैं। इस मंत्र में उल्लेखित प्रत्येक शब्द अपने आप में एक संपूर्ण बीज मंत्र का अर्थ लिए हुए है।

महामृत्युंजय मंत्र

महामृत्युंजय मंत्र का जप आवश्यकता के अनुरूप होते हैं। अलग-अलग उद्देश्य के लिये अलग-अलग मंत्रों का प्रयोग होता है। मंत्र में दिए अक्षरों एवं उसकी संख्या के अनुरुप से उसके प्रभाग मे बदलाव आते है। यह मंत्र निम्न प्रकार से है-

एकाक्षरी मंत्र- हौं । (एक अक्षर का मंत्र)

त्र्यक्षरी मंत्र- ॐ जूं सः । (तीन अक्षर का मंत्र)

चतुरक्षरी मंत्र- ॐ वं जूं सः। (चार अक्षर का मंत्र)

नवाक्षरी मंत्र- ॐ जूं सः पालय पालय। (नव अक्षर का मंत्र)

दशाक्षरी मंत्र- ॐ जूं सः मां पालय पालय। (दश अक्षर का मंत्र)

(स्वयं के लिए इस मंत्र का जप इसी तरह होगा। यदि किसी अन्य व्यक्ति के लिए यह जप किया जा रहा हो तो 'मां' के स्थान पर उस व्यक्ति का नाम लेना होगा)

महामृत्युंजय का वेदोक्त मंत्र निम्नलिखित है-

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्॥

इस मंत्र में द्रात्रिंशाक्षरी)32 अक्षर का मंत्र (का प्रयोग हुआ है और इसी मंत्र में ॐ' लगा देने से 33 शब्द हो जाते हैं। इसे 'त्र्यत्रिंशाक्षरी या तैंतीस अक्षरी मंत्र कहते हैं। श्री वशिष्ठजी ने इन 33 शब्दों के 33 देवता समाहित है अर्थात् शक्तियाँ निश्चित की हैं जो कि निम्नलिखित हैं।

इस मंत्र में
8 वसु,
11 रुद्र,
12 आदित्य
1 प्रजापति तथा
1 वषट को माना है।

मंत्र उच्चारण विचार :

इस मंत्र में आए प्रत्येक शब्द का उच्चारण स्पष्ट करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि स्पष्ट शब्द उच्चारण मे ही मंत्र है। इस मंत्र में उल्लेखित प्रत्येक शब्द अपने आप में एक संपूर्ण बीज मंत्र का अर्थ लिए हुए है।

महामृत्युंजय मंत्र जाप किस समय करें?

संकलन गुरुत्व कार्यालय

कब महामृत्युंजय मंत्र का जाप स्नान इत्यादि से निवृत होकर प्रतिदिन भी कर सकते हैं इस्से वर्त्मान समय के कष्ट तो दूर होते ही हैं साथ में आने वाले कष्टों काभी स्वतः ही निवारण हो जाता हैं। महामृत्युंजय मंत्र के नियमित यथासंभव जाप करने से बहुत बाधाएँ दूर होती एसा हमने हमारे अनुभवो से जाना हैं। परंतु यदि विशेष स्थितियों में महामृत्युंजय मंत्र के जाप की आवश्यक्ता हो तो भी करयाजा सकता हैं।

- यदि घरका कोइ सदस्य रोग से पीड़ित हों। या उसकी सेहत बार बार खराब हो रही हों।
- भयंकर महामारी से लोग मर रहे हों, तो जाप कर अपनि और अपने परिवार की सुरक्षा हेतु।
- यदि सामुहिक यज्ञ द्वारा जाप किया जाये तो अत्याधिक लोगो को लाभ होता हैं।
- राजभय अर्थान्त सरकार से संबंधित कोइ पीडा या कष्ट हों।
- साधक का मन धार्मिक कार्यों नहीं लग रहा हों।
- शत्रु से संबंधित परेशानि एवं क्लेश हों।

यदि सामुहिक यज्ञ द्वारा जाप किया जाये तो समग्र विश्व, देश, राज्य, शहर आदि के हितार्थ उद्देश्य से भी जप किये जासकते हैं। इस्से अत्याधिक लोगो को लाभ होता हैं।

ज्योतिष मारक ग्रहो द्वारा प्रतिकूल (अशुभ) फल प्राप्त हो रहें हों।

- यदि जन्म, मास, गोचर और दशा, अंतर्दशा, स्थूलदशा आदि में ग्रहपीड़ा होने की आशंका हों।
- कुंडाली मेलापक में यदि नाड़ीदोष, षडाष्टक आदि दोष हों।
- एक से अधिक अशुभ ग्रह रोग एवं शत्रु स्थान(षष्टम भाव) में हों।

तो महामृत्युंजय मंत्र का जप करना परम फलदायी है। महामृत्युंजय मंत्र के जप व उपासना के तरीके आवश्यकता के अनुरूप होते हैं। काम्य उपासना के रूप में भी इस मंत्र का जप किया जाता है। जप के लिए अलग-अलग मंत्रों का प्रयोग होता है। यहाँ हमने आपकी सुविधा के लिए संस्कृत में जप विधि, विभिन्न यंत्र-मंत्र, जप में सावधानियाँ, स्तोत्र आदि उपलब्ध कराए हैं। इस प्रकार आप यहाँ इस अद्भुत जप के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

महामृत्युंजय जपविधि - (मूल संस्कृत में)

कृतनित्यक्रियो जपकर्ता स्वासने पांगमुख उदहमुखो वा उपविश्य धृतरुद्राक्षभस्मत्रिपुण्ड्रः । आचम्य । प्राणानायाम्य। देशकालौ संकीर्त्य मम वा यज्ञमानस्य अमुक कामनासिद्धयर्थ श्रीमहामृत्युंजय मंत्रस्य अमुक संख्यापरिमितं जपमहंकरिष्ये वा कारयिष्ये।

॥ इति प्रात्यहिकसंकल्पः॥

ॐ नमो भगवते वासुदेवाय ॐ गुरवे नमः। ॐ गणपतये नमः। ॐ इष्टदेवतायै नमः।

इति नत्वा यथोक्तविधिना भूतशुद्धिं प्राण प्रतिष्ठां च कुर्यात्।

शिव पुराण कि महिमा

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

पुराण क्या हैं?

पुराण शब्द का शाब्दिक अर्थ होता हैं पुराना।

आज से हजारो वर्ष पूर्व रचित पुराण में उल्लेखीत श्लोक एवं उसकी शिक्षा पुरानी नहीं हुई हैं, आज के निरंतर द्वन्द्वता भरे युग में आज भी पुराणों की शिक्षा मनुष्य को द्वन्द्व से मुक्ति दिलाने में निश्चित दिशा दे ने में समर्थ हैं। क्योकी व्यक्ति चाहे जीवन में कितनी भी भौतिक और वैज्ञानिक उन्नति कर लें परंतु उसे मानव जीवन को आदर्श बनाने का मार्ग एवं मानव जीवन के उत्कर्ष का सुगम मार्ग भौतिकता में डूब कर या वैज्ञानिकता के मार्ग में प्राप्त नहीं हो सकता। वह मार्ग हमारे प्राचिन ग्रंथो में मौजुद हैं। अफसोस हम हमारे मूल्यवान ग्रंथो को किनारा कर आज हम जीवन की विडंबनापूर्ण स्थिति के बीच से गुजर रहे हैं। जिस्से हमारे बहुत सारे मूल्य एवं परंपरा खंडित हो गई हैं और दिन-प्रतिदिन खंडित होती जारही हैं, क्योकि आधुनिक ज्ञान के नाम पर विदेशी चिंतन का प्रभाव हमारे ऊपर अत्याधिक हावी होता जा रहा हैं। जिस कारण हम हमारी संसकृति सभ्यता एवं प्राचिन-पौराणिक ज्ञान से वंचित होते जारहे हैं।

क्या हैं शिव पुराण?

विद्वानो के मत से ब्रह्मा जी ने सर्वप्रथम स्वयं जिस प्राचीनतम धर्मग्रंथ की रचना की थी, उसे पुराण कहा जाता हैं। ब्रह्माजी द्वारा रचित धर्मग्रंथ में लगभग एक अरब से अधिक श्लोकों का उल्लेख हैं एवं यह बृहत धर्मग्रंथ देवलोक में आज भी मौजूद हैं, ऐसा विद्वानो का मत हैं !

महाभारत के रचयिता वेदव्यास जी ने मनुष्य के कल्याण हेतु धर्मग्रंथ अथवा बृहत पुराण के एक अरब से अधिक श्लोकों को केवल चार लाख श्लोकों में संपादित किया। चार लाख चार लाख श्लोकों में संपादित धर्मग्रंथ को वेदव्यास जी ने पुनः अठारह खण्डों में विभाजन किया। जो आज हमारी संस्कृति में अठारह पुराणों के रूप में विख्यात हैं।

अठारह पुराणों का वर्णन इस प्रकार हैं।

1. ब्रह्म पुराण
2. पद्म पुराण
3. विष्णु पुराण
4. शिव पुराण
5. भागवत पुराण
6. भविष्य पुराण
7. नारद पुराण
8. मार्कण्डेय पुराण
9. अग्नि पुराण
10. ब्रह्मवैवर्त पुराण
11. लिंग पुराण
12. वराह पुराण
13. स्कंद पुराण
14. वामन पुराण
15. कूर्म पुराण
16. मत्स्य पुराण
17. गरुड़ पुराण
18. ब्रह्माण्ड पुराण

उक्त 18 पुराणों में अलग-अलग देवी देवताओं के विभिन्न स्वरूपों को लेकर मूल्य के स्तर पर विस्तृत वर्ण किया गया हैं। पुराणो में अपकर्म, दुष्कर्म एग्वं कुप्रवृत्तियों एवं उन प्रवृत्तिओं में प्रविष्ट होने से प्राप्त होने वाले फलो का भी विस्तृत रूप में उल्लेख किया हैं जिस्से मनुष्य पाप-पुण्य, धर्म-अधर्म, कर्म-अकर्म जे महत्वपूर्ण भेद को सरलता से समझ कर आत्म उन्नती प्राप्त कर सके।

हमारे धर्मग्रंथ ज्ञान, बुद्धि विवेक और आध्यात्मिकता की प्राप्ति हेतु दिव्य प्रकाश का खज़ाना हैं। जिससे हमे धर्म, चिंतन, समाज शास्त्र, राजनीति जेसे अनेक विषयों का विस्तृत वर्णन मिलता हैं।

विद्वानो ने अठारह पुराणों के सार को एक ही श्लोक में व्यक्त करते हुए कहा हैं।

परोपकाराय पुण्याय पापाय पर पीड़नम्।
अष्टादश पुराणानि व्यासस्य वचन॥

अर्थात्: व्यास मुनि द्वारा रचित अठारह पुराणों में दो ही बातें मुख्यत :कही हैं, परोपकार करना संसार का सबसे बड़ा पुण्य और किसी को पीड़ा देना संसार सबसे बड़ा पाप हैं।

शिव पुराण में भगवान शिव के भव्यतम व्यक्तित्व का गुणगान किया गया हैं। शिव पुराण में भगवान शिव के विविध रूपों, अवतारों, ज्योतिर्लिंगों, भक्तों और भक्ति का विस्तृत वर्णन मिलता हैं। सभी पुराणों में शिव पुराण को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होने का उल्लेख मिलते हैं। क्योकि, शिव स्वयंभू हैं, शाश्वत हैं, सर्वोच्च सत्ता के स्वामी है, ब्रह्मा की चेतना हैं और ब्रह्माण्डीय अस्तित्व के आधार भी शिव हैं।

शिवपुराण का संक्षिप्त परिचय

एक बार सूतजी ने शिवपुराण के महत्त्व को समझाते हुए कहा, साधु-महात्माओं! ब्राह्मणों ! शिवपुराण का पठन अथवा श्रवण करने से चारों पुरुषार्थ अर्थात धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की प्राप्ति हो जाती हैं। वह भगवान शिव का प्रिय होकर परम गति को प्राप्त कर लेता है।

मूल शिव पुराण के बारह भेद या खण्ड हैं जो इस प्रकार हैं।

- विद्येश्वरसंहिता,
- रुद्रसंहिता,
- विनायकसंहिता,
- उमासंहिता,
- मातृसंहिता,
- एकादशरुद्रसंहिता,
- कैलाससंहिता,
- शतरुद्रसंहिता,
- कोटिरुद्रसंहिता,
- सहस्रकोटिरुद्रसंहिता,
- वायवीयसंहिता तथा
- धर्मसंहिता

उक्त बारह संहिताएं अत्यन्त पुण्यमयी मानी गयी हैं।

- ब्राह्मणो ! विद्येश्वरसंहिता में दस सहस्र श्लोक हैं।
- रुद्रसंहिता, विनायकसंहिता, उमासंहिता और मातृसंहिता में आठ-आठ सहस्र श्लोक हैं।
- एकादशरुद्रसंहिता में तेरह सहस्र,
- कैलाससंहिता में छ :सहस्र,
- शतरुद्रसंहिता में तीन सहस्र,

- कोटिरुद्रसंहिता में नौ सहस्र,
- सहस्रकोटिरुद्रसंहिता में ग्यारह सहस्र,
- वायवीय संहिता में चार सहस्र तथा
- धर्मसंहिता में बारह सहस्र श्लोक हैं।

इस प्रकार मूल शिवपुराण में श्लोकों की कुल संख्या एक लाख है।

परन्तु व्यासजी ने शिवपुराण को चौबीस सहस्त्र श्लोकों में संक्षिप्त कर दिया हैं।

चौबीस सहस्त्र श्लोकों को सात संहिता या खण्ड में विभक्त किया गया हैं।

- विद्येश्वरसंहिता,
- रुद्रसंहिता,
- शतरुग्रसंहिता,
- कोटिरुद्रसंहिता,
- उमासंहिता,
- कैलाशसंहिता तथा
- वायवीयसंहिता हैं।

श्रीशिवपुराण-माहात्म्य

शौनकजी ने सूतजी से प्रश्न किया?

शौनकजी ने पूछा -प्रभो ! आप सम्पूर्ण सिद्धान्तों के ज्ञाता हैं।

प्रभो ! कृपया आप मुझसे पुराणों की कथाओं के सारतत्व का विशेष रूप से वर्णन कीजिये।

ज्ञान, वैराग्य और भक्ति से प्राप्त होने वाले विवेक की वृद्धि कैसे होती हैं?

तथा साधु-संत पुरुष किस प्रकार अपने काम-क्रोध आदि मानसिक विकारों का निवारण करते हैं ?

इस घोर कलिकाल में जीव प्राय :आसुर स्वभाव के हो गये हैं, उस जीव समुदाय को दैवी सम्पत्ति से युक्त बनाने के लिये सर्वश्रेष्ठ उपाय क्या है ? आप इस समय मुझे ऐसा कोई शाश्वत साधन और उपाय बताइये, जो कल्याणकारी वस्तुओं में भी सबसे उत्कृष्ट एवं परम मंगलकारी हो तथा पवित्र करनेवाले उपायों में भी सर्वोत्तम पवित्रकारक उपाय हो।

तात ! वह साधन ऐसा हो, जिसके अनुष्ठान से शीघ्र ही अन्त:करण की विशेष शुद्धि हो जाय तथा उससे निर्मल चित्त वाले पुरुषों को सदा के लिये शिव की प्राप्ति हो जाय।

श्रीसूतजी ने कहा -मुनिश्रेष्ठ शौनक ! तुम धन्य हो; क्योंकि तुम्हारे हृदय में पुराण-कथा सुनने का विशेष प्रेम एवं लालसा हैं। इसलिये मैं शुद्ध बुद्धि से विचार करके तुमसे परम उत्तम शास्त्र का वर्णन करता हूँ।

वत्स ! वह सम्पूर्ण शास्त्रों के सिद्धान्त से सम्पन्न, भक्ति आदि को बढ़ाने वाला तथा भगवान शिव को संतुष्ट करने वाला हैं। कानों के लिये रसायन-अमृतस्वरूप तथा दिव्य है, तुम उसे श्रवण करो।

मुने ! वह परम उत्तम शास्त्र है -शिवपुराण, जिसका पूर्वकाल में भगवान शिव ने ही प्रवचन किया था। यह काल रूपी सर्प से प्राप्त होने वाले महान त्रास का विनाश करनेवाला उत्तम साधन हैं।

व्यास जी ने सनत्कुमार मुनिका उपदेश पाकर बड़े आदर से संक्षेप में ही पुराण का प्रतिपादन किया है। इस पुराण के प्रणयन का उद्देश्य है- कलियुग में उत्पन्न होनेवाले मनुष्यों के परम हित का साधन।

यह शिवपुराण परम उत्तम शास्त्र है। इसे इस भूतल पर भगवान् शिव का वाङ्मय स्वरूप समझना चाहिये और सब प्रकार से इसका सेवन करना चाहिये। इसका पठन और श्रवण सर्वसाधनरूप है। इससे शिव भक्ति पाकर श्रेष्ठतम स्थिति में पहुँचा हुआ मनुष्य शीघ्र ही शिवपद को प्राप्त कर लेता है। इसलिये सम्पूर्ण यत्न करके मनुष्यों ने इस पुराण को पढ़ने की इच्छा की है- अथवा इसके अध्ययन को अभीष्ट साधन माना है। इसी तरह इसका प्रेमपूर्वक श्रवण भी सम्पूर्ण मनोवंछित फलों के देनेवाला है। भगवान् शिव के इस पुराण को सुनने से मनुष्य सब पापों से मुक्त हो जाता है तथा इस जीवन में बड़े-बड़े उत्कृष्ट भोगों का उपभोग करके अन्त में शिवलोक को प्राप्त कर लेता है।

शिवपच्चाक्षर स्तोत्रम्

नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय भस्माङ्गरागाय महेश्वराय। नित्याय शुद्धाय दिगम्बराय तस्मै न काराय नम: शिवाय॥१॥

मन्दाकिनीसलिलचन्दनचर्चिताय नन्दीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मन्दारपुष्पबहुपुष्पसुपूजिताय। तस्मै म काराय नम: शिवाय॥२॥

शिवाय गौरीवदनाब्जवृन्द सूर्याय दक्षाध्वरनाशकाय। श्रीनीलकण्ठाय वृषध्वजाय तस्मै शि काराय नम: शिवाय ॥३॥

वसिष्ठकुम्भोद्भवगौतमार्य मुनीन्द्रदेवार्चितशेखराय। चन्द्रार्कवैश्वानरलोचनाय तस्मै व काराय नम: शिवाय ॥४॥

यक्षस्वरूपाय जटाधराय पिनाकहस्ताय सनातनाय। दिव्याय देवाय दिगम्बराय तस्मै य काराय नम: शिवाय॥५॥

पञ्चाक्षरमिदं पुण्यं य: पठेच्छिवसन्निधौ। शिवलोकमवाप्नोति शिवेन सह मोदते॥६॥

अर्थ :- जिनके कण्ठ में साँपों का हार है, जिनके तीन नेत्र हैं, भस्म ही जिनका अङ्गराज (अनुलेपन) है, दिशाएँ ही जिनका वस्त्र हैं (अर्थात् जो नग्न हैं) उन शुद्ध अविनाशी महेश्वर न कारस्वरूप शिव को नमस्कार है॥१॥ गङ्गाजल और चन्दन से जिनकी अर्चना हुई है, मन्दार-पुष्प तथा अन्यान्य कुसुमों से जिनकी सुन्दर पूजा हुई है, उन नन्दी के अधिपति प्रमथगणों के स्वामी महेश्वर म कारस्वरूप शिव को नमस्कार है॥२॥ जो कल्याणस्वरूप हैं, पार्वती जी के मुखकमल को विकसित (प्रसन्न) करने के लिए जो सूर्य स्वरूप हैं, जो दक्ष के यज्ञ का नाश करने वाले हैं, जिनकी ध्वजा में बैल का चिह्न है, उन शोभाशाली नीलकण्ठ शि कारस्वरूप शिव को नमस्कार है॥३॥ वसिष्ठ, अगस्त्य और गौतम आदि श्रेष्ठ मुनियों ने तथा इन्द्र आदि देवताओं ने जिनके मस्तक की पूजा की है, चन्द्रमा, सूर्य और अग्नि जिनके नेत्र हैं, उन व कारस्वरूप शिव को नमस्कार है॥४॥ जिन्होंने यक्षरूप धारण किया है, जो जटाधारी हैं, जिनके हाथ में पिनाक है, जो दिव्य सनातन पुरुष हैं, उन दिगम्बर देव य कारस्वरूप शिव को नमस्कार है॥५॥ जो शिव के समीप इस पवित्र पञ्चाक्षर का पाठ करता है, वह शिवलोक को प्राप्त करता और वहां शिवजी के साथ आनन्दित होता है॥६॥

॥ शिवषडक्षर स्तोत्रम् ॥

ॐकारं बिंदुसंयुक्तं नित्यं ध्यायंति योगिनः ।
कामदं मोक्षदं चैव ॐकाराय नमो नमः ॥१॥
नमंति ऋषयो देवा नमन्त्यप्सरसां गणाः ।
नरा नमंति देवेशं नकाराय नमो नमः ॥२॥
महादेवं महात्मानं महाध्यानं परायणम् ।
महापापहरं देवं मकाराय नमो नमः ॥३॥
शिवं शांतं जगन्नाथं लोकानुग्रहकारकम् ।
शिवमेकपदं नित्यं शिकाराय नमो नमः ॥४॥
वाहनं वृषभो यस्य वासुकिः कंठभूषणम् ।
वामे शक्तिधरं वेदं वकाराय नमो नमः ॥५॥
यत्र तत्र स्थितो देवः सर्वव्यापी महेश्वरः ।
यो गुरुः सर्वदेवानां यकाराय नमो नमः ॥६॥
षडक्षरमिदं स्तोत्रं यः पठेच्छिवसंनिधौ ।
शिवलोकमवाप्नोति शिवेन सह मोदते ॥७॥
॥ इति श्री रुद्रयामले उमामहेश्वरसंवादे षडक्षरस्तोत्रं संपूर्णम् ॥

शिव मंत्र

संकलन गुरुत्व कार्यालय

शंकर भगवान की महिमा का वर्णन हिंदू धर्म शास्त्रो में कल्याणकारी देव के रूपमे किया गया हैं। क्योकि शिवजी सिफ मनुष्य मात्र का कल्याण नहीं करते, देवता और दानवो का भी कल्याण करते हैं।

इसी लिये शिवजी एसे देव हैं, जो तीनो में पूजनिय हैं। इसी लिये उन्हे देवो के भी देव महादेव के नाम से जाना जाता हैं, एवं भगवान शिव की कृपा प्राप्ति हेतु तीनो लोक मे उनकी पूजा उपासना की जाती हैं।

शिव में आस्था रखने वालो का मत हैं की महादेव ने कभी उन्हें निराश नहीं किया, शिव से जो मांगा हैं उनकी कृपा से वह पाया हैं। क्योकी शिव जी भोले भंडारी हैं, भोले अपने भक्तो के समस्त संकट दूर कर उन्हें सुख समृद्धि एवं मोक्ष प्रदान करते हैं। शंकर जी एक एसे देव हैं जो अत्यन्त शीघ्र प्रसन्न होते हैं।

शिवपुराण के अनुसार भगवान शंकर का सर्वाधिक प्रभावी एवं सरल मंत्र हैं पंचाक्षरी मंत्र।

पंचाक्षरी मंत्र-: नम :शिवाय

पंचाक्षरी मंत्र को सभी वर्गो के लोगों के लिए अत्यन्त फलदायीहैं। इस लिए कोई भी व्यक्ति इस पंचाक्षरीमंत्र को नित्य श्रद्धा पूर्वकजप कर सरलता से महादेव की कृपा प्राप्त सकता है।

पंचाक्षरी मंत्र के पांच अक्षरों में पंचानन (पांच मुख वाले) महादेव की सभी शक्तियां समायी हुई हैं।

पंचाक्षरी मंत्र के जाप करने से बडे से बडे संकट का निवारण सरलता से हो जाता हैं।

शिव के अन्य कल्याणकारी मंत्र

भगवान शिव कि शीघ्र कृपा प्राप्ति एवं तीव्र कामना सिद्धि हेतु तेजस्वी मंत्र के अनुभूत प्रयोग। इस मंत्रो के माध्यम से व्यक्ति अपनी समस्त मनोकामनाओं कि पूर्ति कर व्यक्ति दिन-प्रतिदिन सफलता कि और अग्रस्त होकर अपने जीवन में सुख समृद्धि एवं शांति सरलता से प्राप्त कर सकते हैं।

भगवान शिव के मंत्रो के जाप हेतु रुद्राक्ष की माला उत्तम होती हैं। जाप हेतु पूर्व या उत्तर दिशा का चुनाव करें, एवं उत्तर-पूर्व में मुख कर जाप करने से शीघ्र सिद्धि प्राप्त होती हैं।

1. नमः शिवाय।
2. ॐ नमः शिवाय।
3. प्रौं ह्रीं ठः।
4. ऊर्ध्व भू फट्।
5. इं क्षं मं औं अं।
6. नमो नीलकण्ठाय।
7. ॐ ह्रीं ह्रौं नमः शिवाय।
8. ॐ नमो भगवते दक्षिणामूर्त्तये मह्यं मेधा प्रयच्छ स्वाहा।

शिव पंचदेवों में देवो के देव महादेव हैं।

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

शास्त्रीय मतसे

शास्त्रोमें पंचदेवों की उपासना करने का विधान हैं।

आदित्यं गणनाथं च देवीं रूद्रं च केशवम्।
पंचदैवतमित्युक्तं सर्वकर्मसु पूजयेत्।।

(शब्दकल्पद्रुम)

भावार्थ: - पंचदेवों कि उपासना का ब्रह्मांड के पंचभूतों के साथ संबंध है। पंचभूत पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश से बनते हैं। और पंचभूत के आधिपत्य के कारण से आदित्य, गणनाथ(गणेश), देवी, रूद्र और केशव ये पंचदेव भी पूजनीय हैं। हर एक तत्त्व का हर एक देवता स्वामी हैं-

आकाशस्याधिपो विष्णुरग्नेश्चैव महेश्वरी।
वायोः सूर्यः क्षितेरीशो जीवनस्य गणाधिपः।।

भावार्थ:- क्रम इस प्रकार हैं महाभूत अधिपति

1. क्षिति (पृथ्वी) शिव
2. अप् (जल) गणेश
3. तेज (अग्नि) शक्ति (महेश्वरी)
4. मरूत् (वायु) सूर्य (अग्नि)
5. व्योम (आकाश) विष्णु

भगवान् श्रीशिव पृथ्वी तत्त्व के अधिपति होने के कारण उनकी शिवलिंग के रुप में पार्थिव-पूजा का विधान हैं। भगवान् विष्णु के आकाश तत्त्व के अधिपति होने के कारण उनकी शब्दों द्वारा स्तुति करने का विधान हैं। भगवती देवी के अग्नि तत्त्व का अधिपति होने के कारण उनका अग्निकुण्ड में हवनादि के द्वारा पूजा करने का विधान हैं। श्रीगणेश के जलतत्त्व के अधिपति होने के कारण उनकी सर्वप्रथम पूजा करने का विधान हैं, क्योंकि ब्रह्मांद में सर्वप्रथम उत्पन्न होने वाले जीव तत्त्व 'जल' का अधिपति होने के कारण गणेशजी ही प्रथम पूज्य के अधिकारी होते हैं।

सोमवार व्रत कथा

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

विदित हो कि कैलाश के उत्तर में निषध पर्वत के शिखर पर स्वयं प्रभा नामक एक विशाल पुरी थी जिसमें धन वाहन नामक एक गणविराज रहते थे। समय अनुसार उन्हे आठ पुत्र और अंत में एक कन्या उत्पन्न हुई जिसका नाम गंधर्व सेना था। वह अत्यन्त रूपवती थी और उसे अपने रूप का बहुत अभिमान था। वह कहा करती थी कि संसार में कोई गंधर्व या देवी मेरे रूप के करोड़वे अंश के समान भी नहीं है। एक दिन एक आकाशचरीगण नायक ने उसकी बात सुनी तो उसे शाप दे दिया 'तुम रूप के अभिमान' में गंधर्वों और देवताओं का अपमान करती हो अत :तुम्हारे शरीर में कोढ़ हो जायेगा। शाप सुन कर कन्या भयभीत हो गयी और दया की भीख मांगने लगी। उसकी बिनती सुन कर गणनायक को दया आ गयी और उन्होंने कहा हिमालय के वन में गोश्रृंग नाम के श्रेष्ठ मुनी रहते है। वे तुम्हारा उपकार करेगे। ऐसा कह कर गणनायक चला गया। गंधर्व सेना व छोड़ कर अपने पिता के पास आई और अपने कुष्ट होने के कारण तथा उससे मुक्ति का उपाय बताया। माता पिता उसे तत्क्षण लेकर हिमालय पर्वत पर गए और गोश्रृंग का दर्शन करके स्तुति करने लगे। मुनि के पूछने पर उन्होंने कहा कि मेरे बेटी को कोढ़ हो गया है कृपया इसकी शांति का कोई उपाय बताएं।

मुनि ने कहा कि समुद्र के समीप भगवान सोमनाथ विराजमान है। वहां जाकर सोमवार व्रत द्वारा भगवान शंकर की आराधना करो। ऐसा करने से पुत्री का रोग दूर हो जायेगा। मुनि के वचन सुन कर धनवाहन अपनी पुत्री के साथ प्रभास क्षेत्र में जाकर सोमनाथ के दर्शन किए और पूरे विधि विधान के साथ सोमवार व्रज करते हुए भगवान शंकर की आराधना किए उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर शंकर भगवान ने उस कन्या के रोगों को दूर किया और उन्हे अपनी भक्ति भी दान में दिया। आज भी लोग शिव जी को प्रसन्न करने के लिए इस व्रत को पूरी निष्ठा एवं भक्ति के साथ करते है और शिव कि कृपा को प्राप्त करते है।

शिव के दस प्रमुख अवतार

संकलन गुरुत्व कार्यालय

शिवपुराण के अनुसार भगवान शिव के दस प्रमुख अवतार ।

यह दस अवतार इस प्रकार है जो मानव को सभी इच्छित फल प्रदान करने वाले हैं-

1. महाकाल- शिव के दस प्रमुख अवतारों में पहला अवतार महाकाल नाम से विख्यात हैं। भगवान शिव का महाकाल स्वरुप अपने भक्तों को भोग और मोक्ष प्रदान करने वाला परम कल्याणी हैं। इस अवतार की शक्ति मां महाकाली मानी जाती हैं।

2. तार- शिव के दस प्रमुख अवतारों में दूसरा अवतार तार नाम से विख्यात हैं। भगवान शिव का तार स्वरुप अपने भक्तों को भुक्ति-मुक्ति दोनों फल प्रदान करने वाला हैं। इस अवतार की शक्ति तारादेवी मानी जाती हैं।

3. बाल भुवनेश- शिव के दस प्रमुख अवतारों में तीसरा अवतार बाल भुवनेश नाम से विख्यात हैं। भगवान शिव का बाल भुवनेश स्वरुप अपने भक्तों को सुख, समृद्धि और शांति प्रदान करने वाला हैं। इस अवतार की शक्ति को बाला भुवनेशी माना जाता हैं।

4.षोडश श्रीविद्येश- शिव के दस प्रमुख अवतारों में चौथा अवतार षोडश श्रीविद्येश नाम से विख्यात हैं। भगवान शिव का षोडश श्रीविद्येश स्वरुप अपने भक्तों को सुख, भोग और मोक्ष प्रदान करने वाला हैं। इस अवतार की शक्ति को देवी षोडशी श्रीविद्या माना जाता हैं।

5. भैरव- शिव के दस प्रमुख अवतारों में पांचवा अवतार भैरव नाम से विख्यात हैं। भगवान शिव का भैरव स्वरुप अपने भक्तों को मनोवांछित फल प्रदान करने वाला हैं। इस अवतार की शक्ति भैरवी गिरिजा मानी जाती हैं।

6. छिन्नमस्तक- शिव के दस प्रमुख अवतारों में छठा अवतार छिन्नमस्तक नाम से विख्यात हैं। भगवान शिव का छिन्नमस्तक स्वरुप अपने भक्तों की मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला हैं। इस अवतार की शक्ति देवी छिन्नमस्ता मानी जाती हैं।

7. धूमवान- शिव के दस प्रमुख अवतारों में सातवां अवतार धूमवान नाम से विख्यात हैं। भगवान शिव का धूमवान स्वरुप अपने भक्तों की सभी प्रकार से श्रेष्ठ फल देने वाला हैं। इस अवतार की शक्ति को देवी धूमावती माना जाता हैं।

8. बगलामुख- शिव के दस प्रमुख अवतारों में आठवां अवतार बगलामुख नाम से विख्यात हैं। भगवान शिव का बगलामुख स्वरुप अपने भक्तों को परम आनंद प्रदान करने वाला हैं। इस अवतार की शक्ति को देवी बगलामुखी माना जाता हैं।

9. मातंग- शिव के दस प्रमुख अवतारों में नौवां अवतार मातंग के नाम से विख्यात हैं। भगवान शिव का मातंग स्वरुप अपने भक्तों की समस्त अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाला हैं। इस अवतार की शक्ति को देवी मातंगी माना जाता हैं।

10. कमल- शिव के दस प्रमुख अवतारों में दसवां अवतार कमल नाम से विख्यात हैं। भगवान शिव का कमल स्वरुप अपने भक्तों को भुक्ति और मुक्ति प्रदान करने वाला हैं। इस अवतार की शक्ति को देवी कमला माना जाता हैं।

विद्वानो के मत से उक्त शिव के सभी प्रमुख अवतार व्यक्ति को सुख, समृद्धि, भोग, मोक्ष प्रदान करने वाले एवं व्यक्ति की रक्षा करने वाले हैं।

जब शिवजी नें ब्रह्माजी की आलोचना की?

✍ संकलन गुरुत्व कार्यालय

शास्त्रो में उल्लेखित कथा के अनुशार एक बार ब्रह्माजी और विष्णुजी में विवाद छिड़ गया कि दोनों देवो में में श्रेष्ठ कौन हैं। एक तरफ सृष्टि के रचयिता होने के कारण ब्रह्माजी स्वयंको श्रेष्ठ होने का चूनाव कर रहे थे, दूसरी तरफ भगवान विष्णु पूरी सृष्टि के पालन कर्ता होने के कारण स्वयं को श्रेष्ठ बता रहे थे।

उसी समय वहां एक विराट ज्योतिर्मय लिंग प्रकट हुआ। ज्योतिर्मय लिंग को देख कर दोनों देवताओं के विचार-विमर्श से यह निश्चय किया कि दोनो में से जो इस ज्योतिर्मय लिंग के छोर का सबसे पहले पता लगायेगा उसे ही श्रेष्ठ माना जायेगा। इस लिये दोनों देवता विपरीत दिशा में ज्योतिर्मय लिंग का छोर ढूंढने निकल गये।

ज्योतिर्मय लिंग का छोर नहीं मिलने के कारण विष्णुजी वापस लौट आये। ब्रह्मा जी भी ज्योतिर्मय लिंग का छोर ढूंढ ने में असफल रहे लेकिन ब्रह्माजी ने वापस आकर विष्णुजी से कहा कि वे छोर तक पहुँच गये थे। ब्रह्माजी ने केतकी के फूल को ज्योतिर्मय लिंग तक पहुँच ने की बात का साक्षी बताया। ब्रह्मा जी के असत्य कहते ही स्वयं शिवजी वहाँ प्रकट हुए और उन्होंने ब्रह्मा जी की आलोचना की।

शिवजी की उपस्थिती से दोनों देवताओं ने भगवान शिव की स्तुति की तब शिव जी बोले कि मैं ही सृष्टि का उत्पत्तिकर्ता, धरता और स्वामी हूँ। मैंने ही आप दोनों को उत्पन्न किया हैं। तब शिवजी ने क्रोधीत हो कर केतकी पुष्प को झूठी साक्षी देने के लिए दंडित करते हुए कहा कि यह पुष्प मेरी पूजा में प्रयुक्त नहीं होगा। तब से लेकर भगवान शिव के पूजन में केतकी पुष्प का प्रयोग नहीं किया जाता।

जब शिवजी ने चंद्रमा को शाप मुक्त किया

संकलन गुरुत्व कार्यालय

पुराणो में उल्लेखित कथा के अनुशार

शिव पुराण की कथा अनुशार प्राचीन काल में एक दक्ष नामके राजा थे दक्षकी सत्ताईस कन्याएं थीं। दक्ष ने अश्विनी समेत अपनी सभी कन्याओं का विवाह चंद्रमा से किये थे। जहां एक ओर चंद्रमा सत्ताईस कन्याओं के पति बन के बेहद खुश थे। वहीं दूसरी ओर दक्ष की कन्याएं चंद्रमा की पत्नीयां भी चंद्रमा को वर के रूप में पाकर अति प्रसन्न थीं। लेकिन चंद्रमा की पत्नीओं की ये प्रसन्नता ज्यादा दिनों तक कायम नहीं रह सकी। क्योंकि कुछ दिनों के बाद चंद्रमा उनमें से एक रोहिणी पर ज्यादा आकर्षित व मोहित हो गए।

